
आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

# श्री वेंकटेश्वर मंदिर में प्रधानमंत्री ने की पूजा-अर्चना

## प्रधानमंत्री आज हैदराबाद में करेंगे रोड शो, 30 नवंबर को मतदान

**हैदराबाद ( एजेंसी )।** तेलंगाना में 30 नवंबर को होने वाले मतदान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की 140 करोड़ जनता के लिए श्री वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सुबह तिरुमला में श्री वेंकटेश्वर मंदिर के दर्शन किए। प्रधानमंत्री ने यहां पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना की. इस दौरान पीएम मोदी पारंपरिक पूजा परिधान में नजर आए. पूजा करने के बाद पीएम ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, तिरुमाला के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में 140 करोड़ भारतीयों के अच्छे स्वास्थ्य, कल्याण और समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

बतादें कि प्रधानमंत्री रविवार शाम 7.40 बजे तिरूपति के पास रेनिगुंटा हवाई अड्डे पर उतरे थे। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर और मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया था।



आज मंदिर में दर्शन के बाद प्रधानमंत्री महबूबाबाद में एक सार्वजनिक बैठक में शामिल हुए। महबूबाबाद में बैठक के बाद, वह तेलंगाना के करीमनगर में एक और जनसभा को संबोधित करेंगे। आज शाम को 5 बजे हैदराबाद में रोड शो कर प्रधानमंत्री मोदी दिनभर के कार्यक्रम का समापन करेंगे।



# उत्तराखंड में बर्फबारी, दिल्ली-एनसीआर में ठंड

## प्रदूषण का हाल बुराः ग्रेटर नोएडा में एक्यूआई 351, नोएडा में 335, गाजियाबाद में 350 पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तराखंड में ऊंची पहाड़ियों पर बर्फबारी और निचले इलाकों में ओलावृष्टि और बारिश के कारण पारा गिरने से राज्य में ठंड लौट आयी है। प्रदेश में बदरीनाथ, केदारनाथ, औली, गंगोत्री, यमुनोत्री, मुनस्यारी और धारचूला की ऊंची पहाड़ियों पर बर्फ गिरी जबकि निचले इलाकों में बारिश हुई. कई स्थानों पर ओले भी गिरे। उत्तराखंड में ऊंची पहाड़ियों पर बर्फबारी से दिल्ली एनसीआर का मौसम भी बदल गया है आज सुबह से लोगों को ठंड का एहसास होने लगा है।



दिल्ली में प्रदूषण में किसी तरह का सुधार दर्ज नहीं किया जा रहा है। दिल्ली-एनसीआर वालों को अब प्रकृति की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।

दिल्ली के प्रदूषण स्तर में भी किसी तरह की गिरावट नहीं दिख रही है। दिल्ली- एनसीआर के कई इलाकों में हवा की गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में शामिल हो गई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, दिल्ली- एनसीआर में सोमवार को सुबह वायु गुणवत्ता का स्तर 450 के पार चला गया है।

हालांकि, रविवार की तुलना में एक्यूआई कम देखा गया है, लेकिन कोई खास सुधार नहीं आया है। मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ के कारण सोमवार को कुछ इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है, जिससे प्रदूषण के स्तर में गिरावट की संभावना है। ( **शेष पृष्ठ-4 पर** )

## संविधान पर अपशब्द कहते हुए बनाई रील

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सोशल मीडिया पर भारतीय संविधान को लेकर अपशब्दों का प्रयोग करने के आरोप में थाना जारचा पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी ने बीते दिनों अपने इंस्टाग्राम आईडी पर संविधान पर अपशब्दों का प्रयोग करते हुए एक रील अपलोड की थी।

थाना प्रभारी ने बताया कि ग्राम पटाडी निवासी रवि कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बिसाहडा गांव निवासी भानु उर्फ जैस ने संविधान को लेकर गलत शब्दों का प्रयोग करते हुए अपनी इंस्टाग्राम की आईडी पर एक रील अपलोड की थी। रवि कुमार की शिकायत पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी जैस को इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व तकनीकी साक्ष की सहायता से गिरफ्तार कर लिया। ( **शेष पृष्ठ-4 पर** )

# छात्रों को 10 हजार में 1 ग्राम OG ड्रग्स, बड़े सप्लायर गिरफ्तार

## स्नैपचैट के जरिए हिमाचल व शिलांग से मंगाते थे गांजा


**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के नोएडा शहर के नामी गिरामी विश्वविद्यालय व कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों के बारे में एक भयंकर सच सामने आया है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा के कॉलेज में पढ़ने वाले कुछ छात्र एश की जिंदगी जीने के लिए ड्रग्स सप्लाई करने वाले सिंडिकेट से जुड़ गए हैं। नोएडा पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर पुलिस ने एक ऐसे ही गिरोह का पर्दाफाश किया है जो कॉलेज और विश्वविद्यालय में ड्रग सप्लाई करने के लिए छात्रों का इस्तेमाल कर रहा है। थाना सेक्टर 126 पुलिस ने इस गिरोह के 9 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में एक नामी विश्वविद्यालय के चार छात्र भी शामिल हैं। ( **शेष-4 पर** )

### कार के स्टेपनी बॉक्स में छुपाया लाखों का गांजा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा ग्रेटर नोएडा के नामी विश्वविद्यालयों कॉलेजों के छात्रों को नशीले पदार्थ की सप्लाई करने वाले गिरोह का गौतम बुद्ध नगर पुलिस कमिश्नर ने पर्दाफाश किया है पुलिस ने 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में नामी विश्वविद्यालय के एक छात्र भी शामिल है। इनके पास से लाखों रुपए का ड्रग्स बरामद हुआ है। थाना बीटा दो पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नोएडा ग्रेटर नोएडा की नमी यूनिवर्सिटियो के छात्रों तथा कंपनियों के कर्मचारियों को गंजे की बिक्री करने वाले गिरोह के सदस्य होंडा सिटी कार से गांजे की खेप लेकर नवादा गोल चक्कर की तरफ आने वाला हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने नवादा गोल चक्कर के पास जाल विछाकर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। इस दौरान मुखबिर के इशारे पर पुलिस ने एक होंडा सिटी कार को जांच के लिए रुकवाया कार की चेकिंग करने पर शुरुआत में सब कुछ सामान्य दिखाई दिया। गहनता से जांच करने पर कार की डिक्की में स्टेपनी रखने वाली जगह पर बॉक्स दिखाई दिया। स्टेफनी वाली जगह पर बड़ी चालाकी से सामान रखने के लिए बॉक्स बनाया हुआ था। ( **शेष-4 पर** )

# सदस्यता शुल्क से हटेंगे गोल्फ कोर्स में लगे बैरियर

## दिसंबर से शुरू होगी 1000 सदस्य बनाने की कवायद, हासिल होंगे 50 करोड़



**नोएडा( चेतना मंच )।** वित्तीय संकट, किसानों के विवाद तथा भुगतान न मिलने पर ठेकेदार द्वारा सेक्टर-151ए में निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स का रूका पड़ा कार्य शुरू करने के लिए प्राधिकरण ने पुनः सदस्यता अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। दिसंबर माह से सदस्यता अभियान खोला जायेगा। इसके तहत 1000 नये सदस्य बनाये जायेंगे। जिनसे प्राधिकरण को करीब 50 करोड़ रूपये का राजस्व मिलेगा।

बता दे गोल्फ कोर्स में कुल 3600 लोगों को सदस्यता दी जानी है। पहले फेज में 1000 लोगों को सदस्यता दी जा चुकी है। इससे 48 करोड़ रुपए नोएडा प्राधिकरण को मिला था। अब फिर 1000 सदस्यों के जरिए 50 करोड़ का राजस्व हासिल करने की तैयारी शुरू हो गई है।

प्राधिकरण ने बताया कि जिन 1000 लोगों को सदस्यता दी जा चुकी है। उसमें करीब 100 लोग ऐसे है जिन्होंने अब तक पूरा पैसा जमा नहीं किया है। उन सभी लोगों को रिमाइंडर जारी किया जा रहा है। इसके अलावा 70 ऐसे लोग है जिनका आवेदन ( **शेष पृष्ठ-4 पर** )



**प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन**

गुरू पर्व के अवसर पर गाजियाबाद के सूर्य नगर गुरुद्वारा से गुरु नानक देव जी के प्रकाशपर्व पर नगर कीर्तन निकाला गया। यह नगर कीर्तन पॉच पियारों की अगुवाई में तथा श्री गुरु ग्रंथ साहब की छत्रछाया में सूर्यनगर, रामपुरी, ब्रिजविहार, चन्द्रनगर, रामप्रस्थ होते हुए वापिस सूर्य नगर गुरुद्वारा पर समाप्त हुआ। इस मौके पर प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष रनबीर सिंह भाटिया ने अल्पसंख्यक आयोग उ0 प्र0 के पूर्व सदस्य सरदार एस पी सिंह, मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी, पार्षद विनय चौधरी, शशि खेमका, जय भगवान अग्रवाल, अनमोल खन्ना, आतंकवाद विरोधी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हरप्रीत सिंह जग्गी, लिंक रोड थाना प्रभारी प्रीति सिंह को सरोपा भेंट किया।

# ससुरालियों ने बहु को घर में घुसने से रोका

**नोएडा( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-24 में एक महिला ने अपने पति सहित ससुराल वालों के खिलाफ मारपीट व दहेज उत्पीड़न के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि जब वह अपने ससुराल गई तो उसे घर में नहीं घुसने दिया गया उसके साथ मारपीट की गई। वहीं थाना फेस 3 में एक व्यक्ति ने अपने बहनोंई के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। गिझोड निवासी रजनी शर्मा (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 12 वर्ष पूर्व उसकी शादी नीरज शर्मा के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही उसे प्रताड़ित किया जाने लगा और कई बार गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की गई। ससुरालियों की प्रताडन के बाद वह अपने मायके आ गई।

बीते दिनों वह अपने बेटे से मिलने अपने ससुराल की गिझोड़ गई थी। घर पहुंचने पर उसके पति-नीरज शर्मा, सास-सुमन शर्मा, ससुर-महेश शर्मा, नंद-वर्षा शर्मा ने उसे घर में घुसने नहीं दिया और उसके साथ गाली गलौज मारपीट की। ( **शेष पृष्ठ-4 पर** )

# दो युवकों ने की आत्महत्या

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** अलग-अलग थाना क्षेत्र में दो युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिले हैं जिस कारण आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। थाना फेस 3 क्षेत्र के घड़ी चौखंडी गांव में रहने वाले 27 वर्षीय अनुराग शुक्ला ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पड़ोसियों ने उसे फंदे पर लटका देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतर कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला है कि अनुराग शुक्ला मूल रूप से शाहजहांपुर का रहने वाला था और गढ़ी चौखंडी गांव में किराए पर रह रहा था। अनुराग शुक्ला शराब पीने का ( **शेष पृष्ठ-4 पर** )

# अजय राय की फौज में 'कमांड़रों' को कमान

## गौतमबुद्धनगर कोटे से युवक कांग्रेस से सीधे कांग्रेस में प्रदेश सचिव बने पुरुषोत्तम नागर

- बुलन्दशहर के विदित चौधरी को प्रदेश उपाध्यक्ष
- आंवला (बरेली) कोटे से ओमवीर यादव को प्रदेश महासचिव



पुरुषोत्तम नागर



विदित चौधरी



ओमवीर यादव

**नोएडा ( चेतना मंच )।** लोकसभा चुनाव के पूर्व संगठन को मजबूत करने के लिए कांग्रेस पार्टी हाई कमान ने प्रदेश कार्यकारिणी में 16 उपाध्यक्ष, 38 महासचिव तथा 61 सचिव पदों की घोषणा कर दी है। इसी कड़ी में सेक्टर 58 बिशनपुरा गांव के निवासी पुरुषोत्तम नागर को प्रदेश कांग्रेस कमेटी में प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं बुलंदशहर के निवासी विदित चौधरी को प्रदेश उपाध्यक्ष तथा गौतमबुद्धनगर के बहलोलपुर गांव के निवासी ओमवीर यादव को प्रदेश महासचिव बनाया गया है।

मालूम हो कि इनमें से सिर्फ पुरुषोत्तम नागर ही इकलौते कार्यकर्ता है जिन्हें जनपद गौतमबुद्धनगर के कोटे से प्रदेश कमेटी में सचिव पद की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। मालूम हो कि श्री नागर वर्तमान में युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष तथा एआईसीसी सदस्य भी हैं।

उन्होंने कांग्रेस पार्टी में अपना कैरियर युवक कांग्रेस के ब्लॉक प्रमुख के पद से शुरू किया था। इसके बाद उन्होंने युवा कांग्रेस में जिला सचिव, जिला महासचिव तथा जिला अध्यक्ष पद पर बखूबी जिम्मेदारी का निर्वहन किया। श्री नागर जनपद के पहले नेता है जिन्होंने युवा कांग्रेस से सीधे मेन कमेटी में छलांग लगाकर सीधे प्रदेश कमेटी में सचिव का पद हासिल किया। इसके लिए उन्होंने राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी, राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर, प्रदीप नरवाल, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, विदित चौधरी तथा दीपक भाटी चोटीवाला का आभार जताया। ( **शेष पृष्ठ-4 पर** )

# बदमाशों ने पुलिस पर चलाई गोलियां पुलिस ने भी भेज दिया अस्पताल

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा में बदमाशों के हौंसले बुलंद हैं, वहीं नोएडा कमिश्नरेट पुलिस द्वारा बदमाशों से सख्ती से निपटा जा रहा है। वाहन चेकिंग के दौरान बाइक सवारों को रुकने का इशारा करने पर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिससे पुलिस बाल बाल बच गए। पुलिस ने भी बदमाशों पर गोलियां बरसा दी। पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



जानकारी के अनुसार, ग्रेटर नोएडा की थाना बिसरख पुलिस द्वारा रविवार की शाम बिसरख चौक पर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो लोगों को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन बाइक सवार व्यक्ति नहीं रूके और तमंचा दिखाकर भागने लगे।

जिस पर चेकिंग कर रही पुलिस टीम ने बाइक सवारों का पीछा किया। बाइक सवार बदमाश सेक्टर-2, 3 की तरफ जा रहे बंद पडे रास्ते की ओर भागने लगे। आगे चलकर रास्ता बंद होने के कारण हड़बड़ाहट में बाइक फिसलकर गिर गई। अपने आपको घिरा देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम के ऊपर जान से मारने की नियत से फायरिंग शुरू कर दी। ( **शेष पृष्ठ-4 पर** )

# 'रामायण' और 'महाभारत'

आजकल 'रामायण' और 'महाभारत' को स्कूली पाठ्यक्रम में पढ़ाने की चर्चा चल रही है। यदि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान परिषद (एनसीईआरटी) की संबद्ध समिति की सिफारिश स्वीकार की गई, तो स्कूलों में 'इतिहास' की कक्षाओं में इन दोनों महान महाकाव्यों को पढ़ाया जाएगा। यहां कुछ सांस्कृतिक और आस्थामयी गड़बड़ हो सकती है, क्योंकि ऐसी पौराणिक कथाओं को भारतीय संस्कृति में इतिहास से भिन्न माना जाता है। इतिहास में सिकंदर-पोरस, चंद्रगुप्त मौर्य, हूण, यवन, मुगल और अंग्रेजी साम्राज्यों के विवरण भी हैं। किसने भारत पर कितने साल राज किया? किसने, कितने आक्रमण किए और देश को लूटा? साम्राज्यों के नाम और कालखंड क्या थे? युद्ध, हिंसा और हत्याओं के कितने अंतहीन दौर भारत ने देखे और झेले हैं? इतिहास उनका दस्तावेजी संकलन हो सकता है। उनके ब्योरे देते हुए इतिहासकारों की सोच और दृष्टि भी भिन्न रही है, लिहाजा तथ्यों और विश्लेषणों में भी भिन्नता और फासले हैं। 'रामायण' और 'महाभारत' इनसे बिल्कुल अलग हैं। वे सृजनात्मक कृतियां हैं। उनके आधार पर काव्य-शास्त्र की संरचना की गई है। बेशक इन महाकाव्यों में भी कहानियां हैं। इन महाकाव्यों में भी कथाओं के अलावा, साम्राज्य और युद्ध हैं, लेकिन इनके पात्र भारत में आक्रांता के किरदारों में नहीं हैं, वे भारतीय हैं, लिहाजा दोनों महाकाव्य हमारे रोम-रोम में बसे हैं। इनमें दो मिथकीय पात्र हैं-राम और कृष्ण। वे भारत में और अन्य कई देशों में करोड़ों लोगों के आस्था-देव भी हैं। वे अवतारी हैं, लिहाजा मर्यादा पुरुषोत्तम और गिरधर हैं। दरअसल भारत का मिथकीय कथाओं और पात्रों से आस्था, अध्यात्म और संस्कृति का संबंध है। बेशक आम आदमी को ऐतिहासिक तथ्यों की जानकारी न हो, लेकिन वे राम और कृष्ण को 'आराध्य' रूप में स्वीकार करते हैं, लिहाजा 'रामायण' और 'महाभारत' को अच्छी तरह जानते हैं। उसके मद्देनजर स्कूली पाठ्यक्रम में इन दोनों महाकाव्यों को सारांशत- पढ़ाने का कोई औचित्य नहीं है। यदि छात्रों को पढ़ाया जाए कि राम कितने स्वीकारवादी, समन्वयवादी, दलित-पिछड़ावादी महानायक थे, तो वह सार्थक होगा। इसी तरह 'महाभारत' के संदर्भ में 'गीता-उपदेश' के ही महत्त्वपूर्ण भाष्य पढ़ाए जाएं, तो हमारी अगली पीढ़ी भारतीय संस्कृति और अतीत को गहराई से समझ सकेगी। इसी संदर्भ में हमारे पुराण, उपनिषद और चारों वेदों का सारांश अध्ययन भी महत्त्वपूर्ण होगा। दुनिया इन प्राचीन ग्रंथों का अध्ययन करती है और अपनी भाषाओं में शोध करती है, लेकिन हमारे स्कूली पाठ्यक्रमों में ये ग्रंथ गायब हैं। यदि 'रामायण' और 'महाभारत' को हिंदूवादी सोच और सियासत के मद्देनजर पढ़ाया जाता है, तो सत्तासीन भाजपा इतिहास के साथ कुछ भी खेल कर सकती है। बेशक इसका विरोध होगा, अंतत- 'रामायण' और 'महाभारत' के पठन-पाठन को कब तक रोका जा सकता है? ये दोनों महाकाव्य स्थूल और औपचारिक इतिहास से बहुत ऊपर हैं। ये घटनाएं 2500 साल से अधिक प्राचीन हैं। तब न तो कोई विदेशी आक्रांता था, न ही कोई इतिहासकार और इतिहास-लेखन था। चूंकि राम और कृष्ण ने दोनों ऐतिहासिक घटनाओं में सूत्रधार की भूमिका निभाई, लिहाजा इन मिथकीय कथाओं से हम जीवन, संबंधों, नैतिकता, सत्ता, सत्य-शुचिता आदि के बारे में सीखते रहे हैं। हम इन्हीं कथाओं में शरण भी लेते रहे हैं, उससे हमें सुरक्षा और आत्मिक राहत मिलती है। ये कथाएं हमें सहारा भी देती हैं। मिथकीय कथाएं हमें सहिष्णु बनाती हैं, लेकिन इतिहास हमें विभाजित करता है। बहरहाल, कुछ मिथकीय चेहरों का अध्ययन किया जाए, तो उन स्वतंत्रता सेनानियों की क्रांति-कथाओं को भी पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाए, जिनके बलिदानों की वजह से हम स्वतंत्र हैं।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि देवता जिनका कृपाकटाक्ष चाहते हैं, परंतु वे उनकी ओर देखती भी नहीं, वे ही लक्ष्मीजी ( जानकीजी ) अपने ( महामहिम ) स्वभाव को छोड़कर श्री रामचंद्रजी के चरणारविन्द में प्रीति करती हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**सेवहिं सानकूल सब भाई। राम चरन रति अति अधिकाई॥**
**प्रभु मुख कमल बिलोकत रहहीं। कबहुँ कृपाल हमहि कछु कहहीं॥**

सब भाई अनुकूल रहकर उनकी सेवा करते हैं। श्री रामजी के चरणों में उनकी अत्यंत अधिक प्रीति है। वे सदा प्रभु का मुखारविन्द ही देखते रहते हैं कि कृपालु श्री रामजी कभी हमें कुछ सेवा करने को कहें॥

**राम करहिं भ्रातन्ह पर प्रीती। नाना भाँति सिखावहिं नीती॥**
**हरषित रहहिं नगर के लोगा। करहिं सकल सुर दुर्लभ भोगा॥**

श्री रामचंद्रजी भी भाइयों पर प्रेम करते हैं और उन्हें नाना प्रकार की नीतियाँ सिखलाते हैं। नगर के लोग हर्षित रहते हैं और सब प्रकार के देवदुर्लभ (देवताओं को भी कठिनता से प्राप्त होने योग्य) भोग भोगते हैं॥

**अहनिसि बिधिहि मनावत रहहीं। श्री रघुबीर चरन रति चहहीं॥**
**दुइ सुत सुंदर सीताँ जाए। लव कुस बेद पुरानन्ह गाए॥**

वे दिन-रात ब्रह्माजी को मनाते रहते हैं और (उनसे) श्री रघुवीर के चरणों में प्रीति चाहते हैं। सीताजी के लव और कुश ये दो पुत्र उत्पन्न हुए, जिनका वेद-पुराणों ने वर्णन किया है॥

**दोउ बिजई बिनई गुन मंदिर। हरि प्रतिबिंब मनहुँ अति सुंदर॥**
**दुइ दुइ सुत सब भ्रातन्ह केरे। भए रूप गुन सील घनेरे॥**

वे दोनों ही विजयी (विख्यात योद्धा), नम्र और गुणों के धाम हैं और अत्यंत सुंदर हैं, मानो श्री हरि के प्रतिबिम्ब ही हों। दो-दो पुत्र सभी भाइयों के हुए, जो बड़े ही सुंदर, गुणवान और सुशील थे॥

**दो0-ग्यान गिरा गोतीत अज माया मन गुन पार।**
**सोइ सच्चिदानंद घन कर नर चरित उदार॥**

जो (बौद्धिक) ज्ञान, वाणी और इंद्रियों से परे और अजन्मा है तथा माया, मन और गुणों के परे है, वही सच्चिदानन्दघन भगवान श्रेष्ठ नरलीला करते हैं॥

(क्रमश:...)

# विश्व की सुंदरतम नगरी बनने और वैश्विक पटन पर छाने के लिए तैयार है अयोध्या

पांच सौ वर्षों के अथक संघर्ष के पश्चात नौ नवंबर 2020 को माननीय उच्चतम न्यायलय द्वारा अयोध्या पर राम मंदिर के पक्ष में ऐतिहासिक निर्णय देने के बाद, श्रीराम जन्मभूमि पर श्री रामलला के भव्यङ्कदिव्य मंदिर का निर्माण कार्य तीव्र गति से सम्पूर्णता की दिशा में अग्रसर है। मंदिर के भूतल का लगभग 95 प्रतिशत का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा आगामी 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन होना भी सुनिश्चित हो गया है।

कुछ वर्ष पूर्व तक जो अयोध्या नगरी हिन्दुओं के संघर्ष की धरती थी जो आगामी 22 जनवरी 2024 को सर्व संतोषकारिणी नगरी बनने जा रही है। लंबे संघर्ष के बाद प्रभु श्रीराम लला अपने जन्मभूमि आवास में पधार रहे हैं और प्रत्येक सनातनी यह सोचकर हर्षित और प्रफुल्लित हो रहा है कि अयोध्या में श्रीरामलला के विराजमान हो जाने के बाद उनके सभी दुखों व चिंता का निवारण हो जाएगा। उत्तर प्रदेश ही नहीं संपूर्ण भारत में आनंद की बयार बह रही है और हो भी क्यों न हम सबके श्रीराम अपने घर आ रहे हैं। यही कारण है कि अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार अयोध्या को अखिल विश्व की सुंदरतम नगरी बनाने के लिए अथक प्रयास कर रही है।

एक समय था जब रामभक्त अयोध्या दर्शन करने जाते अवश्य थे किंतु हनुमानगढ़ी और कनक भवन के दर्शनों तक सीमित रह जाते थे और बहुत कम श्रद्धालु श्री रामजन्मभूमि के दर्शन करने के लिए जाते थे क्योंकि तम्बू में बैठे भगवान तक पहुंचना सरल नहीं था किन्तु उच्चतम न्यायालय का निर्णय आने के बाद परिवर्तन आया और 22 जनवरी 2024 के बाद परिस्थितियां पूरी तरह से बदलने जा रही हैं क्योंकि अब रामभक्तों व श्रद्धालुओं की प्रतीक्षा पूर्ण और धैर्य समाप्त हो रहा है।

भव्य श्रीरामलला मंदिर के उद्घाटन के पश्चात श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने वाली है, अयोध्या में उनके भव्य स्वागत, रहने-ठहरने व दिव्य दर्शन सुलभ करने के लिए व्यापक प्रबंध किये जा रहे हैं। अयोध्या व उसके आसपास के समस्त क्षेत्र को इस प्रकार से निर्मित किया जा रहा है कि श्रद्धालुओं को त्रेतायुग के समय का आभास हो और उस परिकल्पना को साकार करने के लिए मुख्यंमत्री योगी आदित्यनाथ जब से प्रदेश के मुख्यमंत्री बने हैं तभी से जुटे हैं। विगत कई वर्षों से अयोध्या में भव्य दीपोत्सव का आयेजन किया जा रहा है जिसमें प्रभु श्रीराम माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ उसी प्रकार पुष्पक विमान से उतरते हैं जिस प्रकार वह त्रेता युग में उतरे थे। अयोध्या त्रेतायुग में जिस प्रकार प्रफुल्लित व हर्षित हुई थी आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या व उसके आसपास के वातावरण को उसी प्रकार राममय करने की अभूतपूर्व तैयारी चल रही है।

इसी परिप्रेक्ष्य में अयोध्या को विश्व की सुंदरतम नगरी बनाने के लिए हर संभव व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। 22 जनवरी के बाद देश व विदेशों से लाखों की संख्या में रामभक्त अयोध्या पहुंचने वाले हैं इस बात को ध्यान में रखते हुए और अयोध्या को विश्व स्तर की धार्मिक नगरी के रूप में विकसित करने के लिए करीब 3 हजार करोड़ रुपए लागत की विभिन्न अवस्थापना



**अयोध्या में विकास की गति को और तीव्र करने के लिए नौ नवंबर 2023 को अयोध्या में रामलला के दरबार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसने एक नया इतिहास रचा।**

परियोजनाओं पर काम चल रहा है। अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के नाम पर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बन रहा है और संभावना व्यक्त की जा रही है कि आगामी दिसंबर माह में उड़ानें भी प्रारंभ हो जायेंगी। वंदे भारत ट्रेन लखनऊ से अयोध्या के बीच चली है और करीब आधा दर्जन अन्य रेल गाड़ियाँ अयोध्या से होकर जाने लगी हैं। अयोध्या से रामेश्वरम तक सीधी रेलगाड़ी चलाई गई है।

अयोध्या का बदलाव दिखाने के लिए रेलवे स्टेशन को भव्य बनाया जा रहा है। पर्यटन विभाग अयोध्या को जोड़ने वाले सुल्तानपुर, बस्ती, गोंडा, अंबेडकरनगर और रायबरेली हाईवे पर बड़े द्वारों का निर्माण कर रहा है। अयोध्या व आसपास के जिलों व कस्बों में भारी संख्या में होटलों आदि का निर्माण कार्य चल रहा है। तीर्थ यात्रियों को आकर्षित करने के लिए कई योजनाएं- अयोध्या में बाहर आने वाले तीर्थयात्री केवल अयोध्या मंदिर दर्शन तक ही सीमित न रह जाएं इसलिए तीर्थाटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं पर भी कार्य चल रहा है। पंचकोसी, चौदह कोसी तथा चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित धार्मिक स्थलों का भी सुंदरीकरण किया जा रहा है। सरयू नदी में विहार के साथ मंदिरों के दर्शन के लिए क्रूज सेवा और रोमांचक वाटर स्पोर्टस सेवा भी प्रारंभ हो गई है। साथ ही अभी कई और योजनाएं प्रारंभ होने वाली हैं।

भविष्य की दृष्टि से अयोध्या का दिव्य एवं नव्य विकास करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संकल्पवान हैं। मुख्यमंत्री का दायित्व सँभालने के साथ से ही वे अयोध्या पर विशेष ध्यान दे रहे हैं और प्राय: अयोध्या आकर सांधु-संतों का आशीर्वाद के लेने के साथ ही साथ विकास हेतु उनका परामर्श भी लेते हैं। 2017 में पहली बार मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी जी अपने प्रथम कार्यकाल में 46 बार अयोध्या पहुंचे और इस कार्यकाल में भी उनका आगमन निरंतर हो रहा है। वो अयोध्या सम्बन्धी प्रत्येक कार्य पर स्वयं दृष्टि रखते हैं। योगी जी के नेतृत्व में अयोध्या में हर वर्ष दीपोत्सव का आयोजन होने से अयोध्या को एक नयी पहचान मिली है। हर वर्ष दीपों की संख्या गिनीज़ बुक में अपना ही रिकॉर्ड तोड़ती है। 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व इस बार भी अयोध्या में अयोजित भव्य दीपोत्सव ने एक नया रिकॉर्ड बना दिया है और अयोध्या की अनुपम छटा बिखर रही है।

अयोध्या में विकास की गति को और तीव्र करने के लिए नौ नवंबर 2023 को अयोध्या में रामलला के दरबार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसने एक नया इतिहास रचा। कैबिनेट बैठक के पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रदेश सरकार के सभी मंत्री रामलला के दरबार पहुंचे और उनके प्रति अपनी आस्था प्रकट की। कैबिनेट ने हनुमानगढ़ी में भी हनुमान जी के दर्शन किये और पूजा की। हनुमानगढ़ी में महंत धर्मदास, महंत संतरामदस आदि ने सभी अभिनंदन किया और उसके बाद मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अप सभी के आशीर्वाद से अयोध्या विश्व की सबसे सुंदरतम नगरी बनेगी।

**अयोध्या तीर्थ विकास परिषद का गठन**

अयोध्या में आयोजित बैठक में अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद व देवी पाटन धाम तीर्थ विकास परिषद के गठन को स्वीकृति दी गयी। अयोध्या कैबिनेट में शुक तीर्थक्षेत्र विकास परिषद के गठन का भी ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। ज्ञातव्य है कि अयोध्या के समग्र विकास के लिए पहले से ही केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से 30,500 करोड़ रुपये की कुल 178 परियोजनाएँ चल रही हैं। बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि अयोध्या के समग्र विकास के लिए अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के गठन का निर्णय लिया गया है। यहां आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को उच्च स्तरीय पर्यटन सुविधाओं के विकास के साथ ही परंपरा और संस्कृति के संरक्षण एवं प्रबंधन के लिए आवश्यक नीतियां अब तीर्थ परिषद ही बनायेगा।

बलरामपुर जिले में स्थित देवीपाटन के भी समग्र विकास के लिए देवी पाटन धाम तीर्थ विकास परिषद व मुजफ्फरनगर के शुक तीर्थ धाम के विकास के लिए शुक तीर्थ धाम विकास परिषद के गठन का निर्णय लिया गया है। सभी विकास परिषद अपने-अपने क्षेत्रों में किसी भी परियोजना व विकास के प्रस्ताव में परामर्श व मार्गदर्शन करेंगे। बलरामपुर जनपद की अयोध्या से दूरी सड़क मार्ग से मात्र 90 किलोमीटर है यहाँ स्थित माँ पाटेश्वरी धाम एक महत्वपूर्ण तीर्थ है जहां नेपाल के श्रद्धालु भी आते हैं।

**भारत मंदिर संग्रहालय बनाने का निर्णय**

योगी सरकार ने अयोध्या की तहसील सदर के ग्राम माझा जमधरा की नजूल की 25 एकड़ भूमि पर्यटन विभाग को उपलब्ध करते हुए यहां भारतीय मंदिर वास्तुकला संग्रहालय का निर्माण कराने का निर्णय लिया है जिससे अयोध्या दर्शन के लिए आने वाले लोग भारत के वास्तु के बारे में भी जान सकेंगे। अलग-अलग कालखंड में किस-किस प्रकार के मंदिर बने, उन मंदिरों के इतिहास को इस संग्रहालय के माध्यम से सामने रखा जा सके इसके लिए प्रस्ताव पारित किया गया है।

अयोध्या शोध संस्थान को विस्तार देते हुए अंतरराष्ट्रीय शोष संस्थान का स्तर दिये जाने का भी निर्णय हुआ है। इससे विश्व में रामकथा साहित्य पर अध्ययन एवं शोध हो सकेंगे। वैश्विक स्तर पर सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्रम में उन देशों की रामलीला का मंचन अयोध्या में सांस्कृतिक प्रचार- प्रसार की दृष्टि से किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि श्रीराम के आदर्शों एवं व्यक्तित्व पर आधारित रामलीला विश्व के 40 देशों में आयोजित होती है। संस्थान के द्वारा शोध किये गये साहित्य को कम मूल्य पर उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए विदेश के विश्वविद्यालयों एवं संस्थाओं से समझौता किया जाएगा।

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ विकास परिषद का अध्यक्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बनाया जाएगा। योगी सरकार ने 2019 में प्रयागराज में अपनी कैबिनेट की बैठक बुलाई थी उसके बाद दिव्य व भव्य कुंभ मेले का सफल आयोजन हो सका था। यह बात तो अब तय हो गई है कि आगामी दिनों में अयोध्या नगरी विश्व के मानचित्र पर अपनी महती उपस्थिति दिखाने में सफल रहेगी। दिव्य एवं भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हो जाने के बाद अयोध्या नगरी वैश्विक पटल पर छा जाएगी। सत्य तो यह है कि अयोध्या नगरी आज अपनी पौराणिक आभा के अनुरूप सज संवर रही है। विकस के नये प्रतिमान गढ़ रही है। अयोध्या दीपोत्सव आज नये भारत की विशिष्ट पहचान बन गया है। परिक्रमा पथ हो या प्राचीन कुंड मार्ग हो या फिर मठ मंदिर, नव्य अयोध्या में चहुँ ओर भव्यता-दिव्यता दृष्टिगोचर हो रही है और हो भी क्यों ना, हमारे प्रभु श्रीराम अपने मंदिर में विराजने आ रहे हैं।

-मृत्युंजय दीक्षित

# संविधान दिवस विशेष : भारत के प्राण भारतीय संविधान

किसी भी देश व समाज के संतुलित विकास में उस देश के नियम व कानून बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। भारत में इन कानूनों-नियमों का शासन शास्त्र संविधान कहलाता है। शासन प्रशासन की शक्तियों का स्त्रोत हमारा भारतीय संविधान अपने आप में एक विशेष आयाम रखता है जिस आधार पर ही यह विश्व का सबसे लम्बा व विस्तृत संविधान होने का गौरव प्राप्त है। भारतीय संविधान निर्माण की गाथा ऐतिहासिक रही है। जब भारत स्वतंत्र हुआ तो नीति निर्माताओं के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती देश को संचालित करने के लिए अपने कानून, नियमों का होना था जिसकी पूर्ति के लिए संविधान सभा का गठन हुआ जोकि देश के प्रत्येक क्षेत्र की प्रतिनिधि थी। भारतीय संविधान की रचना भी कोई एक दिन की कहानी नहीं है, बल्कि कई वर्षों के अथक प्रयासों का सम्मिलित रूप है। आज की पीढ़ी को सब कुछ थाली में सजा-परोसा मिलता है न, इसीलिए उसे इसकी कीमत पता नहीं है। हमारे देश ने करीब साढ़े तीन सौ सालों तक केवल ब्रिटिश हुकूमत की गुलामी झेली है। यह समय कितना असहनीय और पीड़ादायी रहा है, यह हमारे लिए कल्पना के भी परे है। हम सभी बेहद भाग्यशाली हैं, जो हमने स्वतंत्र भारत में जन्म लिया। हम कुछ भी कर सकते हैं, कहीं भी आ-जा सकते हैं। कुछ भी बोल सकते हैं। जरा सोचिए, कितना हृदय विदारक होता होगा, जब आपको बात-बात पर यातनाएं दी जाती हों। भारत ने कभी गुलामी स्वीकार नहीं की, बल्कि सदैव संघर्ष किया तथा 1947 में अंग्रेजों को भगाया और देश के कुशल संचालन की चिंता चिंतन में परिवर्तित हुई तथा संविधान सभा ने संविधान को 26 नवम्बर 1949 को पारित किया तथा 26 जनवरी 1950 से प्रभावी हुआ।

यह दिन भारत के संविधान दिवस के रूप में घोषित किया गया है, जबकि 26 जनवरी का दिन भारत में गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। दो वर्ष, 11 महीने व 18 दिन तक चले रचना कार्य में निर्माताओं ने एक ऐसा कानूनी दस्तावेज तैयार किया जो वर्तमान की स्थिति, भविष्य की योजना व पूर्व के इतिहास को एक साथ लेकर आगे बढ़ा और आज पूरे विश्व के लिए एक आदर्श मिसाल प्रस्तुत करता है। वर्तमान काल में चिंतन का विषय आ जाता है कि क्या 'शासन का शास्त्र' सही मायने में बन भी पाया है हमारा संविधान, या वास्तविकता कुछ और ही है। वैसे किसी भी राष्ट्र का सबसे पवित्र ग्रंथ उस देश का संविधान होता है, लेकिन भारत में अधिकांश लोगों को संविधान का सार यानी प्रस्तावना तक का एक भी अंश किसी को याद नहीं होगा। लोगों को समझना होगा कि भारत के संविधान का जब निर्माण हुआ था तो यह भारत की भौगोलिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक विरासत और समाज तथा परिस्थितियों का एक प्रतिबिंब था। इसका अनुसरण करके हम भारत को समझ सकते थे। हमें यह शासन शास्त्र ऐसे ही विरासत में नहीं मिला है। इसका एक-एक नियम, अधिकार, कर्त्तव्य, निर्देशक सिद्धांत, उपबंध व सभी व्यवस्थाएं कड़े संघर्ष के पश्चात हमें प्राप्त हुए हैं और विकट परिस्थितियों के बीच प्राप्त हुए हैं, लेकिन आज यह भारत का कानून है। देश का कोई भी व्यक्ति इस शासन शास्त्र से उच्च नहीं है और न कभी हो सकता है। यही बात तो हमारे संविधान को जीवंत बना देती है। हमारा संविधान इसलिए भी जीवंत है क्योंकि भारत की प्रत्येक स्थिति व परिस्थिति के अनुसार इसमें उपबंध शामिल हैं जो प्रत्येक अनुकूल व प्रतिकूल स्थिति के अनुसार ढल जाते हैं। भारत के संविधान पर भले ही अन्य विदेशों के संविधानों का थोड़ा या ज्यादा प्रभाव जरूर पड़ा हो, लेकिन इस बात को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है कि हमारे संविधान पर हमारी पुरातन भारतीय संस्कृति की अमिट छाप है। इसे हम सब ने आत्मार्पित किया है। जिस विषय की बात करेंगे वो हर विषय नियमों के रूप में हमारे संविधान में शामिल है।


भारतीय संविधान में नागरिकों के लिए मूल अधिकार व कर्त्तव्य शामिल हैं, लेकिन प्रश्नचिन्ह यहीं आकर लग जाता है कि अधिकारों के लिए तो सब कानूनी व संविधानवादी बन जाते हैं, पर जब बात कर्त्तव्यों की आती है तो ये संविधानवादी सोच वाले लोग कहां विलुप्त हो जाते हैं। बात अधिकारों की करें तो अधिकारों में भी माना अभिव्यक्ति का अधिकार है, ठीक है, लेकिन अभिव्यक्ति के नाम पर जब 'देश तेरे टुकड़े होंगे' व 'हमें चाहिए आजादी' जैसे नारे लगते हैं, तो ऐसी अभिव्यक्ति के लिए क्या कहा जाए, क्या यही है स्वतंत्रता का ढोल पीटने वालों की अभिव्यक्ति की आजादी? चिंतन के विषय में बात समानता की भी है। एक तरफ सभी को समान अधिकार व अवसर की समता जैसे अधिकार हैं, लेकिन 75 सालों की आजादी के बाद भी देश का लगभग एक बड़ा वर्ग रात को बिना अन्न खाए सोता है। यदि समानता का अधिकार है, तो देश के प्रत्येक व्यक्ति को यह समानता मिलनी चाहिए। एक तरफ धर्मनिरपेक्ष होने की बात कही जाती है तो दूसरी ओर धर्म के आधार पर सभी राजनीतिक दल अपनी रोटियां सेंकते हैं। संविधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ने पिछड़ा वर्गों के उत्थान व विकास के लिए आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया था, लेकिन साथ में यह भी कहा था कि दस वर्ष के पश्चात अवलोकन करके इसकी समीक्षा करके इसे हटा सकते हैं।

इधर हटाने की बात तो दूर, बल्कि आरक्षण पर राजनीति करके नेताओं ने कई सरकारें बना ली और कई नए बनाने की आस में हैं। क्या यही सामाजिक न्याय है? शिक्षा हरेक व्यक्ति को उपलब्ध करवाने की बात कही गई, लेकिन सरकारी संस्थाओं में ही फीस इतनी है कि मानो लगता है अनपढ़ रहना ही ठीक है। शिक्षा का व्यवसायीकरण हो गया है जोकि दुख का विषय है। शिक्षा गरीब लोगों से दूर होती जा रही है। भारतीय संविधान में प्रत्येक विषय को शामिल करके संविधान निर्माताओं ने एक बेहतरीन शासन शास्त्र तैयार किया था, मगर आज देश में सब कुछ बंट गया है। और तो और, रंगों का भी बंटवारा हो गया है, लाल किसी का है तो हरा किसी का, तो सफेद किसी का हो गया है। जानवर बांट दिए गए हैं।


-प्रो. मनोज डोगरा, शिक्षाविद

## राशिफल


कार्तिक शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा ( विक्रम संवत् 2080 )




**मेष- ( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )** आप अपना समय लिखने- पढ़ने में व्यतीत करेंगे। भावनाओं में न बहें। बच्चों के सेहत पर ध्यान दें।




**वृष- ( ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो )** ग्रह कलह के शिकार हो सकते हैं। घरेलू सुख बाधित दिख रहा है। घर की चीजों को शांत होकर निपटाएं।




**मिथुन- ( का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा )** रोजी- रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम- संतान की स्थिति अच्छी रहेगी।




**कर्क- ( ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा )** स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम- संतान की स्थिति जैसी चल रही थी वैसी ही है। व्यापारिक दृष्टिकोण से शुभ समय।




**सिंह- ( मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे )** खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। अज्ञात भय मन को सताएगा। प्रेम व संतान अच्छा चलेगा।




**कन्या- ( टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो )** आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। जिस चीज की जरुरत होगी उसकी उपलब्धता होगी। स्वास्थ्य अच्छा है।




**तुला- ( रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त )** आर्थिक मामले सुलझेंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। यात्रा में लाभ होगा। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम अच्छा।



**वृश्चिक- ( तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू )** कोर्ट- कचहरी में विजय मिलेगी। व्यावसायिक सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अभी मध्यम है।



**धनु- ( ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे )** भाग्य साथ देगा। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम- संतान मध्यम।



**मकर- ( भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी )** चोट- चपेट लग सकती है। किसी पेरशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं, बचकर पार करें।



**कुम्भ- ( गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द )** जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। रोजी- रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम- संतान मध्यम।



**मीन- ( दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि )** शत्रु नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे, लेकिन आपको विजय मिल जाएगी। स्वास्थ्य नरम- गरम।

# नये वोटर को लेकर भाजपा ने लगाया कैम्प

**दादरी ( चेतना मंच )।** पार्टी के निरंतर चल रहे वोटर चेतना अभियान के अंतर्गत भाजपा के नगर अध्यक्ष सोमेश गुप्ता के नेतृत्व में कल विशेष दो दिवसीय अभियान में शक्ति केंद्र सरस्वती शिशु मंदिर पर बूथ अध्यक्ष मेघराज प्रमोद तिवारी सूरजभान एवं शक्ति केंद्र संयोजक जातिभान आर्य शक्ति केंद्र प्रभारी शिव मोहन शर्मा और शक्ति केंद्र प्रवासी श्रीमती प्रीति सिंह बघेल के साथ घर-घर संपर्क कर नए मतदाता बनाने हेतु फार्म जमा कराये गये।





अग्रसेन इंटर कालेज में वोट बनवाते हुये भाजपा नेता विनोद प्रजापति।

# भाकियू (अम्बावता) ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन अंबावता संगठन के कार्यकर्ताओं ने गतदिवस एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। संगठन के जिला अध्यक्ष अनिल नागर ने कहा कि जो संगठन बिना रजिस्ट्रेशन फर्जी चल रहे हैं और भोले भाले किसानों को गुमराह कर रहे हैं ऐसे संगठनों पर जांच कर कार्रवाई होनी चाहिए। इस बीच एसडीम श्रीमती चारुल यादव ने भारतीय किसान यूनियन अंबावता संगठन के कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। ज्ञापन देने के दौरान राजकुमार रूपवास, तहसील अध्यक्ष दादरी अशोक कुमार भाटी, प्रदेश सचिव मनोज भाटी, नगर अध्यक्ष दादरीते भाटी, मनोज भाटी, अशोक भाटी, पूर्व जिला अध्यक्ष जितेंद्र नागर, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा प्रदीप नागर, एडवोकेट जिला अध्यक्ष सभागार अजंदेर नागर, दिनेश यादव, जिला उपाध्यक्ष युवराज नागर, तहसील उपाध्यक्ष संजय कसाना आदि मौजूद थे।

# सीटू का महापड़ाव




**नोएडा( चेतना मंच )।** मजदूरों-किसानों के कई ज्वलंत मुद्दों/ मांगों को लेकर और सरकार की मजदूर किसान व आमजन विरोधी नीतियों, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी एवं कारपोरेट सांप्रदायिक गठ जोड़ के खिलाफ ट्रेड यूनियन संगठनों का महापड़ाव शुरू हो गया है।

नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए मजदूर नेता सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि मोदी, योगी सरकारें किसानों. मजदूरों एवं जनता के अन्य हिस्सों से किए गए वादों से मुकर गई है। ऐतिहासिक किसान आंदोलन के दौरान सभी फसलों की एमएसपी की गारंटी, बिजली बिल वापसी आदि लिखित वादों से मोदी सरकार पलटी मार गई है कॉर्पोरेट हितों में चार श्रम संहिताओं को थोपकर मजदूर वर्ग के अधिकारों को छीनने की साजिश की जा रही है। सार्वजनिक क्षेत्र को निजी हाथों में बेचा जा रहा है, संविधान और जनतन्त्र पर हमला हो रहा है आंदोलन के अधिकार सहित अन्य मूलभूत अधिकारों को छीना जा रहा है।

# भाजपा ने चलाया अभियान



**दादरी( चेतना मंच )।** केंद्र सरस्वती शिशु मंदिर पर, वार्ड नंबर 03 में भाजपा के बूथ अध्यक्ष सूरजभान सिंह के निवास स्थान पर, मतदाता पंजीकरण करने का कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें लोकसभा विस्तारक सुखपाल, नगर अध्यक्ष सोमेश गुप्ता, केंद्र प्रभारी शिव मोहन शर्मा, संयोजक जतीभान आर्य, बूथ अध्यक्ष सूरजभान सिंह, बूथ अध्यक्ष प्रमोद तिवारी, बूथ अध्यक्ष दीवान सिंह रावत, बूथ अध्यक्ष मेघनाथ, बूथ अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा, वरिष्ठ कार्यकर्ता सुखबीर सिंह सिसोदिया ,विनोद शर्मा, मीडिया प्रभारी डवनीश पीलवान, भाजपा सभासद हरीश रावल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चलती कार से नोट उड़ाना पड़ गया भारी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश की औद्योगिक नगरी नोएडा के रईसजादे अपनी किसी न किसी हरकत की वजह से हमेशा चर्चा में रहते हैं। अब एक नया मामला सामने आया है। इस मामले में रईसजादे चलती कार से नोट उड़ा रहे थे। नोएडा कमिश्नरेट पुलिस ने इसे यातायात नियमों का उल्लंघन माना है। नोएडा की यातायात पुलिस ने पांच वाहनों को सीज करते हुए 33-33 हजार रुपये के चालान काटे हैं।

आपको बता दें कि नोएडा में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा ?था। इस वीडियो में कुछ रईसजादे चलती कार में नोट उड़ा रहे थे। वायरल वीडियो में सेक्टर-37 से सिटी सेंटर की तरफ आते हुए गाड़ियों के काफिले से लोग पैसे उड़ा रहे हैं। इस वीडियो में दिखाई दे रहा है तीन से चार गाड़ियों से नोट उड़ाए जा रहे हैं।

वायरल हो रहे वीडियो का संज्ञान लेते हुए यातायात पुलिस ने कार्यवाही की है। पांच गाड़ियों के 33-33 हजार रुपये के चालान काटे गए हैं और गाड़ियों को भी सीज कर दिया गया है। नोएडा पुलिस कमिश्नरेट में तैनात डीसीपी यातायात अनिल कुमार यादव ने बताया कि पांच वाहनों को सीज कर दिया गया है। इनको अलग-अलग जगह से बरामद किया गया है। इसके अलावा पांच अन्य गाड़ियों की पहचान हो गई है, उनकी भी तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ यातायात पुलिस की ओर से केस दर्ज कराया जा रहा है। काफिले में कितनी गाड़ियां थीं, इसकी जानकारी अभी तक नहीं हो पाई है।

उन्होंने बताया कि उड़ाए जा रहे नोट नकली हैं या असली, इसकी भी जांच की जा रही है। हालांकि नकली नोट होने की आशंका भी जाहिर की जा रही है। वीडियो को सोशल मीडिया पर 50 से अधिक लोगों ने साझा किया है। कई ने इस पर टिप्पणी भी की है। काफिले में शामिल गाड़ियों में सवार लोग एक बारात में जा रहे थे, तभी यह घटना हुई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगालने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है।

## बहाने से पति को बुलाया, फिर कराई धुनाई

**नोएडा ( चेतना मंच )।** पारिवारिक विवाद में एक महिला ने अपने भाइयों के साथ मिलकर अपने पति की पिटाई कर उसे लहू लुहान कर दिया। महिला ने अपने पति को कुछ सामान देने के बहाने धोखे से मामूरा गांव के पास बुलाया था। पीड़ित के बहनोई ने महिला व उसके भाइयों के खिलाफ थाना फेस 3 में मुकदमा दर्ज कराया है।

मोरना गांव में रहने वाले उज्जवल घोष ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसका साला प्रशांत उसके साथ ही रह रहा है। बीते दिनों उसकी पत्नी सृष्टि चौहान ने उसे कुछ सामान देने के लिए सेक्टर 59 के मेट्रो स्टेशन के पास बुलाया। प्रशांत जब मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचा तो वहां सृष्टि चौहान के अलावा उसका भाई सूरज चौहान तथा दो अन्य दोस्त मौजूद थे। चारों ने मिलकर प्रशांत के साथ गाली गलौज कर मारपीट की। झगड़ा होता देखकर आस-पड़ोस के लोगों ने किसी तरह से प्रशांत को इन लोगों के चंगुल से बचाया इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उनके तलाश की जा रही है।

# पृष्ठ एक के शेष....

### उत्तराखंड में बर्फबारी...

दिल्ली के ज्यादातर इलाकों का एक्यूआई सोमवार को भी 400 के पार दर्ज किया गया है। आनंद विहार में एक्यूआई 430, पंजाबी बाग में 444, आरके पुरम में 410 और आईटीओ में 422 एक्यूआई दर्ज किया गया है।

दिल्ली-एनसीआर में भी कई इलाकों का एक्यूआई 400 के करीब बना हुआ है। सोमवार की सुबह 9 बजे ग्रेटर नोएडा में एक्यूआई 351, नोएडा में 335, गाजियाबाद में 350 और फरीदाबाद में 405 एक्यूआई दर्ज हुआ है।

मौसम विभाग ने बताया कि उत्तराखंड में 28 नवंबर को बारिश हो सकती है। उत्तराखंड के यमुनोत्री धाम सहित यमुना घाटी में बादल छाए हुए हैं। यमुनोत्री धाम के आसपास बर्फबारी शुरु हो गई है। वहीं नीचले इलाकों में बारिश का मौसम बना हुआ है।

### अजय राय की फौज...

प्रदेश कमेटी में विदित चौधरी को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। वह बुलंदशहर के मूल निवासी हैं तथा ऊंचा गांव से दो बार ब्लॉक प्रमुख भी रहे हैं। इसके पूर्व में वे पीसीसी में महासचिव के पद पर थे। जबकि ओमवीर यादव को प्रदेश महासचिव बनाया गया है। इसके पूर्व में वे युवा कांग्रेस में प्रदेश अध्यक्ष (पश्चिमी उत्तर प्रदेश) के पद पर थे। युवक कांग्रेस के संगठन के चुनाव के विरोध में उन्होंने अपने पद से इस्तीफा भी दे दिया था। ओमवीर जनपद गौतमबुद्ध नगर के बहलोलपुर गांव के निवासी हैं तथा उन्हें आंवला (बरेली क्षेत्र) के कोटे से प्रदेश महासचिव का पद दिया गया है। वे आंवला क्षेत्र से विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं।

### सदस्यता शुल्क से हटेंगे...

आ चुका है लेकिन उनका साक्षत्कार नहीं हुआ है उनकी डेट को भी फाइनल किया जा रहा है। ये सभी कार्य दिसंबर में पूरे होने के बाद प्राधिकरण को करीब 50 करोड़ रुपए मिलेगा। गोल्फ कोर्स के निर्माण में कुल 125 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

बता दे बजट नहीं होने की वजह से का निर्माण बंद हो गया है। पहले ही जमीन की कमी से अड़ंगा लगा हुआ है था, जिसे दूर करने में भूलेख अधिकारियों को पसीना आ रहा है। अब परियोजना को पूरा करने में बजट अड़ंगा बन गया है। प्राधिकरण में ठेकेदार का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे ठेकेदार ने गोल्फ कोर्स का आधा अधूरा काम रोक दिया है।

गोल्फ कोर्स की सदस्यता साक्षात्कार के जरिए की जा रही है। इसमें दो श्रेणी में सदस्यता शुल्क है। पहला सरकारी जिनके लिए ये शुल्क 3 लाख और अन्य के लिए 10 लाख रुपए है।

### ससुरालियों ने बहु...

आरोपियों ने दोबारा घर आने पर जान से मारने की धमकी दी। थाना सेक्टर 24 प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

ग्राम गढ़ी चौखंडी निवासी मनीष कुमार ने बताया कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उसके बहनोई रामसागर ने उसकी बहन नेहा देवी के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की। नेहा देवी को घायल कर रामसागर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। नेहा ने उसे फोन कर अपने साथ मारपीट किए जाने की जानकारी दी जिसके बाद में उसके घर पहुंचा घर पर उसकी बहन लहूलुहान हालत में पड़ी हुई थी वह तुरंत उसे अस्पताल लेकर पहुंचा जहां उसे उपचार के लिए भर्ती कराया। थाना फेस 3 प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उसकी तलाश की जा रही है।

### छात्रों को 10 हजार...

इनके पास से कोकीन, चरस, गांजा व एमडीए व ओजी ड्रग्स बरामद हुआ है।

नोएडा जॉन के डीसीपी हरिश्चंद्र ने बताया कि थाना सेक्टर 126 पुलिस को सूचना मिली कि ड्रग्स की सप्लाई करने वाले गिरोह के सदस्य सेक्टर-126 में किसी को ड्रग्स की डिलीवरी देने आ रहे हैं। सूचना के आधार पर एसीपी रजनीश वर्मा के नेतृत्व में टीम गठित कर जाल बिछाया। मुखबिर के इशारे पर पुलिस ने 9 लोगों को धर दबोचा इनके पास से कोकीन, चरस, गांजा, ओजी व एमडीए ड्रग्स बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम दर्शन, आदित्य सागर, अपूर्ण सक्सेना, अक्षत, नरेंद्र, राजन, अमित सोम व सतेन्द्र बताये। इनके पास से मिली टाटा हैरियर कार की तलाशी लेने पर उसमें से 30 ग्राम कोकीन 16 किलोग्राम गांजा, ढाई सौ ग्राम चरस, डेढ़ सौ ग्राम ओसियन ओजी गांजा व 50 ग्राम एमडीए ड्रग्स बरामद हुआ है।

डीसीपी ने बताया कि पकड़े गए दर्शन आदित्य सागर व अपूर्व सक्सेना नोएडा के एक नामी विश्वविद्यालय के छात्र हैं। पढ़ाई की आड़ में यह छात्र-छात्राओं को नशे का सामान उपलब्ध कराने का काम करते थे। आरोपी स्नैपचैट के माध्यम से हिमाचल से चरस मांगते थे इसके अलावा शिलांग से गांजा लेकर के आते थे। उन्होंने बताया कि इनके पास से बरामद ओसियन( ओ जी) गांजा भारतीय गांजे के मुकाबला काफी महंगा बिकता है। यह समुद्र के आसपास पाया जाता है और नॉर्मल गांजे के मुकाबले इस गांजे में नशा 10 गुना ज्यादा होता है। इस कारण ओजी गांजे के एक ग्राम की कीमत 10 हजार रूपए तक वसूली जाती थी। डीसीपी ने बताया कि पकड़े गए चारों आरोपी छात्र अपने साथी छात्रों को उनके डिमांड के अनुसार नशे का सामान उपलब्ध कराते थे। पुलिस नशे के इस सिंडिकेट के सरगना व अन्य आरोपियों की भी तलाश कर रही है। गिरोह में शामिल एनी नामक युवक को भी पुलिस तलाश रही है। पुलिस द्वारा नशे के सौदागरों में चार छात्रों के गिरफ्तार होने से यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

### कार के स्टेपनी बॉक्स...

इस बॉक्स से पुलिस को गांजे से भरे 55 पैकेट मिले। इन पैकेट में 72 किलो 300 ग्राम गांजा भरा हुआ एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि कार सवार चांद उर्फ चंदू इरशाद पुत्र अब्दुल तथा राशिद पुत्र मुकीम को गिरफ्तार कर लिया गया पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वह आंध्र प्रदेश से गांजा लाकर नोएडा ग्रेटर नोएडा में छात्र-छात्राओं व कंपनियों के कर्मचारियों को गांजा बेचते हैं। आरोपियों ने बताया कि वह पिछले काफी समय से गंजे की तस्करी में बिक्री में संलिप्त हैं।

### बदमाशों ने पुलिस पर...

जिस पर पुलिस ने जवाबी कार्यवाही में बदमाशों पर गोलियां चलाई। पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया।

घायल बदमाश की पहचान मनोज चतुर्वेदी पुत्र घनश्याम चतुर्वेदी निवासी आजाद मार्केट, लाइब्रेरी रोड सदर बाजार उत्तरी दिल्ली, मूल निवासी अशोक नगर कानपुर के रुप में हुई है। घायल बदमाश को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उसके कब्जे से थाना बिसरख पर दर्ज मुकदमे से संबंधित एक लूटा हुआ एक मोबाइल फोन, 1 अवैध तमंचा 2 जिन्दा कारतूस तथा पल्सर बाइक बरामद हुई है। बदमाश का साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पकड़े गए बदमाश के खिलाफ प्रयागराज, लखनऊ और नोएडा के विभिन्न थानों में 14 मुकदमे दर्ज हैं।

### संविधान पर अपशब्द...

आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ धारा 67 आईटी एक्ट 504 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### दो युवकों ने...

आदी था और इस बात को लेकर उसकी अपनी पत्नी से अक्सर वाद विवाद होता था वाद विवाद के चलते उसकी पत्नी कुछ दिनों पूर्व अपने मायके चली गई थी। मृतक के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है। वहीं थाना जारचा क्षेत्र के एनटीपीसी में रहने वाले शिवम राघव ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# शादी पार्टियों में अवैध रुप से परोसी जा रही थी शराब, पांच गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा में इन दिनों शादी समारोह आयोजित हो रहे हैं। इन शादी समारोह में अवैध रुप से जमकर शराब भी परोसी जा रही है। रविवार की देर रात आबकारी विभाग और थाना एक्सप्रेसवे पुलिस टीम द्वारा की गई संयुक्त कार्यवाही के तहत दो स्थानों से अवैध रुप से शराब परोस रहे पांच लोगों को गिरफ्तार कर अवैध शराब बरामद की गई है।

जानकारी के अनुसार, रविवार की रात आबकारी विभाग को सूचना मिली कि चौधरी फार्म हाउस में एक समारोह आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बिना लाइसेंस के अवैध पिलाई जा रही है। इस सूचना पर कार्यवाही करते हुए आबकारी विभाग चौधरी फार्म हाउस पर पहुंची तो वहां पर एक पार्टी चलती हुई मिली। पार्टी में एक तरफ अवैध शराब पिलाई जा रही थी। आबकारी विभाग द्वारा चेकिंग किए जाने पर यहां से 8 बोतल अवैध शराब बरामद हुई। यहां पर दो व्यक्ति लोगों को बिना लाइसेंस के शराब परोस रहे थे।

इन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने अपने नाम अब्बास पुत्र रईस खान निवासी त्रिवेणीगंज नवस्ता लखनऊ तथा दूसरे ने अपना नाम हर्ष लूथरा पुत्र राजेश लूथरा निवासी रोहिणी दिल्ली बताया। दोनों से जब लाइसेंस मांगा गया तो बताया कि उन्होंने पैसे बचाने के लालच में लाइसेंस नहीं लिया है। इस मामले में फार्म हाउस के एक कर्मचारी रोमन के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है।

इसके अलावा एक अन्य कार्यवाही के तहत आबकारी विभाग की टीम और थाना एक्सप्रेसवे पुलिस ने अलास्का ग्रीन फार्म से भी दो लोगों को अवैध शराब परोसने पर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए पी रंगराजन उर्फ पंकज पुत्र विजय प्रकाश निवासी ज्वालापुरी दिल्ली तथा नवमीश निवासी अलास्का ग्रीन फार्म ग्रेटर नोएडा ने नवमीश द्वारा ही शराब पिला रहे थे। पैसे बचाने के लिए वह हरियाणा मार्का शराब परोस रहे थे। इनके पास भी आबकारी विभाग की टीम ने कई बोतल हरियाणा मार्का शराब बरामद की है। बिना लाइसेंस के अवैध शराब पिलाने के उक्त दोनों मामलों में थाना एक्सप्रेसवे पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## दो शव मिलने से सनसनी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अलग-अलग स्थानो पर 2 शव मिलने से सनसनी फैल गई। एक शव की शिनाख्त हो गई है जबकि दूसरे की पहचान नहीं हो पाई है।

थाना फेस-2 क्षेत्र के नया गांव के पार्क के पास एक शव पड़ा देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई तो उसकी पहचान इसराइल खान पुत्र हबीब खान के रूप में हुई। इसराइल खान नयागांव में अपने परिवार के साथ किराए पर रह रहा था। पुलिस के मुताबिक वह नशे का आदी था और नशे में इधर-उधर घूमता रहता था। वहीं थाना बिसरख क्षेत्र के चार मूर्ति चौराहे के पास सड़क किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ।

# नोएडा से चार माह के बच्चे का अपहरण

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बिसरख क्षेत्र के आम्रपाली लेजर वैली के पास से एक ऑटो चालक चार माह के बच्चे का अपहरण कर फरार हो गया। बच्चों के अपहरण की सूचना से पुलिस के हाथ पांव फूल गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी ऑटो चालक की तलाश शुरू कर दी है।

मूल रूप से पश्चिम बंगाल निवासी भागीरथ अपने परिवार सहित लेजर वैली सोसायटी के पास रह रहा है। उसका 7 वर्षीय बेटा साप्ताहिक मार्केट के पास अपने चार माह के भाई को लेकर टहल रहा था। इस दौरान एक ऑटो चालक उसके पास पहुंचा ऑटो चालक ने भागीरथ के बेटे को खाने के लिए अमरुद दिया और उससे बातें करने लगा। कुछ देर पश्चात ऑटो चालक ने बच्चे से समोसे लाने को कहा। बच्चा अपने चार माह के भाई को ऑटो चालक को देकर समोसे लेने चला गया। कुछ देर बाद जब वह समोसे लेकर वापस आया तो ऑटो चालक वहां से नदारत था। इस बात की जानकारी मिलने पर परिजनों ने आसपास ऑटो चालक की तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी का कहना है की घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को कंगाल कर ऑटो चालक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## 26/11 मुंबई हमले में शहीदों को नमन



मुंबई में रविवार को 26/11 हमले की 15वीं बरसी पर पुलिस कर्मियों ने उन शहीदों को श्रद्धांजलि दी जिन्होंने आतंकियों से लड़ते हुए अपनी जान कुर्बान कर दी। गौरतलब है कि पाक सीमा से समुद्र के रास्ते आये आतंकवादियों ने 26 नवंबर 2008 की रात मुंबई में आतंकी हमला किया।

# गाजा पहुंचे इजराइली पीएम नेतन्याहू, सैनिकों से मिले

## हमास ने तीसरे बैच में 17 बंधकों को आजाद किया इसमें एक रूसी नागरिक भी शामिल

**गाजा, (एजेंसी)।** इजराइल और हमास के बीच सीजफायर के तीसरे दिन इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा पहुंचे। उन्होंने नॉर्थ गाजा में मौजूद सैनिकों से मुलाकात की। उन्होंने कहा- हम अपने बंधकों को वापस लाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा- जंग में हमारे तीन लक्ष्य हैं। पहला- हमास का खात्मा, दूसरा- बंधकों की वापसी और तीसरा- यह सुनिश्चित करना कि गाजा फिर से इजराइल के लिए खतरा न बने।

इस बीच हमास ने रविवार को बंधकों के तीसरे बैच में 13 इजराइलियों को आजाद कर दिया। इसमें एक रूसी नागरिक है। बदले में इजराइल 39 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया।





### हमास के कैदियों का अपनों से मिलन

सीजफायर के दूसरे दिन हमास ने शनिवार देर रात इजराइली बंधकों के दूसरे बैच को रिहा कर दिया। बदले में 39 फिलिस्तीनियों को इजराइली जेलों से छोड़ा गया। इजराइली सेना का कहना है कि युद्धविराम समझौते के तहत अदला-बदली के दूसरे दौर में हमास ने 13 इजराइलियों और चार विदेशियों को रिहा किया। ये चारों थाईलैंड के नागरिक हैं। रिहाई के बाद दोनों तरफ के लोग और उनके परिवार खुशी मना रहे हैं। हमास ने जिन बंधकों को रिहा किया, उनमें 8 बच्चे और 5 महिलाएं शामिल हैं। इनमें से 3 बच्चों की उम्र 10 साल से भी कम है। हमास की कैद से आजाद हुई 5 साल की रज अपनी 3 साल की बहन अवीव और मां के साथ बंधक थी। शनिवार को पिता से मिलने के बाद उसने कहा कि वो कैद में घर लौटने के सपने देखती थी। रिहा हुए कई बंधक ऐसे हैं, जिनके परिजन अब भी हमास के बंधक हैं। वहीं, शुक्रवार को रिहा हुई 9 साल की एमिली लगभग 50 दिन बाद शनिवार को अपने पिता से मिली।

## खास खबर

### स्वास्थ्य केंद्रों का नाम बदल किया आयुष्मान आरोग्य मंदिर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों का नाम बदलकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर करने का फैसला किया है तथा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसे लागू करने के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को पत्र भेजा है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्यों को आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्र (एबी-एचडब्ल्यूसी) पोर्टल पर नये नाम वाले इन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की तस्वीरें अपलोड करने को कहा है। नये नाम वाले एबी-एचडब्ल्यूसी की नयी टैगलाइन 'आरोग्य परमं धनम' होगी। केंद्र इस योजना को घर-घर तक पहुंचाने को प्रयास रत है। इसके लिए गांव-गांव और पंचायत स्तर पर इसका विशाल स्तर पर प्रचार किया जा रहा है।

### देहरादून में मिले 15वीं सदी के मंदिर के अवशेष

**देहरादून, (एजेंसी)।** उत्तराखंड को देवभूमि कहा जाता है, लेकिन देवताओं के प्राचीन अवशेष जो यहां मिले हैं उन पर ध्यान देना अभी बाकी है। इसी क्रम में जगत ग्राम अश्वमेध स्थल आता है जहां जाने का मार्ग तक नहीं है। वहां से 40 किलोमीटर दूर देहरादून नगर की ओर अत्यन्त घने वन में अब भद्रकाली माता मंदिर के प्राचीन पुरातात्विक अवशेष बिखरे मिले हैं। राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष तरुण विजय के नेतृत्व में पुरातत्व विशेषज्ञों की टीम चकराता रोड स्थित झाझरा पहुंची।

### संविधान संसद के विशेष अधिकार क्षेत्र में : धनखड़

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जोर देकर कहा है कि 'संसद लोकतंत्र की आत्मा है' और संविधान संसद के विशेष अधिकार क्षेत्र में है। श्री धनखड़ ने रविवार को यहां संविधान दिवस पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संसद की संप्रभुता राष्ट्र की संप्रभुता का पर्याय है और यह अभेद्य है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि लोकतंत्र तब बेहतर रूप में होता है जब राष्ट्र के सभी अंग कार्यपालिका, न्यायपालिका एवं विधायिका सद्भाव, अनुशासन तथा एकजुटता से काम करते हैं।

### पीएम मोदी आंध्र प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे तिरुपति

**तिरुपति (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंध्र प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर रविवार को रात 7.45 बजे तिरुपति पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। श्री मोदी के तिरुपति पहुंचने पर आंध्र के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर और मुख्यमंत्री एस जगन मोहन रेड्डी तथा अन्य गणमान्य लोगों उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। अगले दिन सोमवार को सुबह 07.50 बजे वह स्वामीवारी दर्शन करेंगे और पूजा-अर्चना करेंगे। उन्होंने बताया कि श्री मोदी सुबह 8.50 बजे तिरुमाला से रवाना होंगे और 10.25 बजे रेनिगुंटा हवाईअड्डे पहुंचेंगे और हैदराबाद लौट आएंगे। दौरे में अप्रिय घटना को रोकने के लिए सभी उपाय किए गए हैं।

### आज का इतिहास

- 1001: गजनी के सुल्तान महमूद के साथ हुई लड़ाई में जयपाल की हार।
- 1795: एक बांग्ला नाटक का कलकत्ता के एजरा स्ट्रीट में स्टेज पर पहली बार सार्वजनिक मंचन किया गया।
- 1815: पोलैंड साम्राज्य ने संविधान अपनाया।
- 1895: अल्फ्रेड नोबेल ने नोबेल पुरस्कार की स्थापना की।
- 1907: प्रसिद्ध कवि और लेखक हरिवंश राय बच्चन का जन्म।
- 1912: अल्बानिया ने राष्ट्रीय ध्वज अपनाया।
- 1932: पोलैंड व तत्कालीन सोवियत संघ ने अनाक्रमण डील पर हस्ताक्षर किया।
- 1940: ब्रूस ली का जन्म।
- 1948: राष्ट्रीय कैडेट कोर :एनसीसी: की स्थापना।
- 1966: उरुग्वे ने संविधान अपनाया।
- 1975: बीबीसी के कार्यक्रम प्रस्तुतकर्ता रोस मैक्वर्स्टर की गोली मारकर हत्या।

# विदेश में शादी समारोह क्यों, यहीं मनाएं: प्रधानमंत्री मोदी

## पीएम का रेडियो मासिक कार्यक्रम मन की बात की 107 वीं कड़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक प्रसारण कार्यक्रम 'मन की बात' के 107वें एपिसोड में कहा, अब शादी का सीजन भी शुरू हो गया है।

अनुमान है कि इस शादी सीज़न के दौरान लगभग 5 लाख करोड़ रुपये का कारोबार हो सकता है, शादियों के लिए खरीदारी करते समय आप सभी को केवल भारत में बने उत्पादों को ही महत्व देना चाहिए। और हां, जब से शादी की बात सामने आई है, एक बात मुझे काफी समय से परेशान कर रही है... और अगर मैं अपने दिल का दर्द अपने परिवार वालों को नहीं बताऊं तो और किसके सामने कहूं? ...आजकल कुछ परिवारों द्वारा विदेश जाकर शादियां करने का एक नया माहौल बनाया जा रहा है। क्या यह जरूरी है?अगर हम शादी के उत्सव भारत की धरती पर, मनाएंगे, तो देश का पैसा देश में ही रहेगा। देश के लोगों को आपकी शादी में कुछ सेवा करने का अवसर मिलेगा... गरीब लोग भी अपनी बात बताएंगे। बच्चों को उस अवसर के बारे में। क्या आप 'वोकल फ़ॉर लोक' के इस मिशन पर विस्तार से बता सकते हैं? हम अपने ही देश में ऐसे विवाह समारोह क्यों नहीं आयोजित करते? संभव है कि जिस तरह की व्यवस्था आप चाहते हैं, वह आज नहीं हो, लेकिन अगर हम ऐसे आयोजन करेंगे तो व्यवस्थाएं भी विकसित होंगी। पीएम मोदी ने कहा कि ये बहुत बड़े परिवारों से जुड़ा विषय है और मुझे उम्मीद है कि मेरी ये पीड़ा उन बड़े परिवारों तक जरूर पहुंचेगी।



### शादी का पांच लाख करोड़ का कारोबार, लोकल उत्पाद को महत्व

### इन बिंदुओं पर रखी अपनी बात

**देश 26 नवम्बर को कभी भूल नहीं सकता:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि देश मुंबई के 26 नवम्बर के आतंकी हमले को कभी नहीं भूल सकता और यह भारत का सामर्थ्य है कि वह हमले से उबरने के बाद आतंकवाद का सफाया करने में जुटा है।

**स्वच्छता प्रतिदिन का हिस्सा:** प्रधान मंत्री ने 'प्रोजेक्ट सूरत' के बारे में भी बात की, जो गुजरात के सूरत शहर में स्वच्छता और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कोई एक दिन का अभियान नही है, बल्कि जीवन का हिस्सा है।

**गरीब बच्चों की सहायता को समर्पित कोयंबटूर के लोगानाथन की चर्चा:** लोगनाथनजी ने शौचालय भी साफ किए, ताकि जरूरतमंद बच्चों की मदद की जा सके।

**महिला आरक्षण से विकसित राष्ट्र बनाने में मदद मिलेगी।**

**भारतीयों के पेटेंट आवेदन में 31 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई।**

**जीवन बचाने से कम नहीं है जल संरक्षण।**

**सऊदी अरब में संस्कृत उत्सव, भारत के गांव-देहात के मेलों की चर्चा।**

## हैदराबाद के नवाब मीर नजफ कांग्रेस में शामिल



**हैदराबाद, (एजेंसी)।** तेलंगाना में हैदराबाद के प्रिंस हाशम जाह बहादुर के पुत्र नवाब मीर नजफ अली खान रविवार को यहां कांग्रेस में शामिल हो गए। मीर नजफ में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में औपचारिक रूप से पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गांधी परिवार के साथ हमारा जुड़ाव चार पीढ़ियों से हैऔर हम पार्टी में अधिकारिक रूप से शामिल हो गये।

### कराची में शॉपिंग मॉल में आग, 11 की मौत

**इस्लामाबाद, (एजेंसी)।** पाक के शहर कराची में शनिवार को एक शॉपिंग मॉल में भीषण आग लग गई, जिसमें कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक झुलस गए। मृतक संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि बुरी तरह से जले कई लोगों को तीन अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

# मोहाली-चंडीगढ़ बॉर्डर पर किसान डटे, पुलिस अलर्ट



### सड़क के बीचो-बीच मंच लगाकर धरने पर बैठे किसान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** जहां अब चंडीगढ़ की सीमाओं पर रोके जाने के बाद पंजाब से आए किसानों ने मोहाली-चंडीगढ़ बॉर्डर पर ही अपना पक्का मोर्चा लगा दिया है और सड़क के बीचो-बीच मंच लगाकर धरने पर बैठ गए हैं। इसके साथ ही किसान ट्रैक्टर ट्रालियों में अपने साथ बिस्तर और राशन समेत सारा सामान लेकर पहुंचे हैं और ये सभी किसान चंडीगढ़ की सीमाओं में दाखिल होने के बाद बॉर्डर पर ही पक्का धरना लगाकर बैठ गए हैं।

गौरतलब है की किसानों का तीन दिन का प्रदर्शन मोहाली-चंडीगढ़ सीमा पर शुरू हो चूका है। प्रदर्शन कर रहे इन किसानों का कहना कि संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले प्रदर्शन आगामी 28 नवंबर तक चलेगा। इस विरोध धरने में 33 किसान संगठन हिस्सा ले रहे हैं। वहीं मामले पर भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) लखोवाल के प्रेस सचिव रणबीर सिंह ने बताया कि राज्य और केंद्र सरकार वादाखिलाफी कर रही है। बैठकों में मांगें मानने के बावजूद वादे उन्हें अब पूरे नहीं किए जा रहे हैं। इधर अब विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ किसानों के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए चंडीगढ़-मोहाली सीमा के पास सुरक्षा और भी कड़ी की गई है।

# लिया संकल्प, विश्व कल्याण के लिए जुटेगी हिंदू शक्ति

## बैकॉक में तीसरी वर्ल्ड हिन्दू कांग्रेस संपन्न

**बैकॉक, (एजेंसी)।** दुनिया के हर हिन्दू को एक-दूसरे से जोड़ने और हिन्दू धर्म के जीवन मूल्यों से विश्व कल्याण के लिए सामर्थ्य हासिल करने के संकल्प के साथ तीसरी वर्ल्ड हिन्दू कांग्रेस का रविवार को यहां समापन हो गया। तीन दिन तक चले इस सम्मेलन का समापन यजुर्वेद के 'शांति मंत्र' के साथ हुआ। सम्मेलन में 26 नवंबर 2008 के मुंबई आतंकी हमले में मां भारती के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले बलिदानियों की याद में एक मिनट का मौन भी रखा गया। प्रख्यात संत माता अमृतानंदमयी अम्मा ने सभा में आशीर्वचन भी दिये। चौथी वर्ल्ड हिन्दू कांग्रेस का आयोजन वर्ष 2026 में तथा वर्ल्ड हिन्दू इकॉनोमिक फोरम का शिखर सम्मेलन अगले साल मुंबई में आयोजित करने की घोषणा की गई।

### चौथी वर्ल्ड हिन्दू कांग्रेस का आयोजन मुंबई में

**अपने संपर्क के हर हिन्दू से जुड़ें :** इस मौके पर सम्मेलन के अध्यक्ष, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले ने विश्व के 61 देशों के करीब 2200 प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उनका आह्वान किया कि वे अपने संपर्क के हर हिन्दू से जुड़ें।

## बीआरएस नेता केटीआर को ईसी का नोटिस

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेता केटी रामा राव (केटीआर) को नोटिस जारी किया। केटीआर पर आरोप है कि उन्होंने तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है। चुनाव आयोग ने केटीआर से रविवार 26 नवंबर दोपहर 3 बजे तक नोटिस पर जवाब देने को कहा है। उनसे टी-वर्क्स (सरकारी संस्थान) में भर्ती को लेकर किए गए ऐलान पर जवाब मांगा गया है। चुनाव आयोग ने ये भी निर्देश दिया है कि मंत्रियों को अपनी आधिकारिक यात्रा को चुनाव प्रचार के तौर पर इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। उन्हें सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करने को लेकर भी चेतावनी दी गई है। चुनाव आयोग ने अपने नोटिस में कहा कि कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शिकायत की है कि राव ने 20 नवंबर को हैदराबाद में टी-वर्क्स कार्यालय का दौरा किया था।

# काशी की देव दीपावली आज, 70 देशों के 150 डेलीगेट्स बनेंगे साक्षी



### 21 लाख दीपों से जगमगाएंगे घाट

**वाराणसी, (एजेंसी)।** वाराणसी यानी काशी में सोमवार को पूर्णिमा को 21 लाख दीप जलाकर देव दीपावली मनाई जाएगी। इसे देखने के लिए करीब 12 लाख से ज्यादा पर्यटक और श्रद्धालु काशी पहुंच रहे हैं। सीएम योगी के साथ ही 70 देशों के राजदूत और 150 से ज्यादा विदेशी डेलीगेट्स भी मौजूद रहेंगे। वह जगमगाती गंगा का भव्य श्रृंगार देखेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मन करता है कि मैं भी देखूं। रविवार को यहां लेजर शो भी किया गया।

नमो घाट वीवीआईपी के लिए खुला रहेगा। यहां आम पर्यटकों के आने पर मनाही रहेगी। जहान्वी के तट पर होने वाले इस अद्भुत दीपोत्सव की तैयारी में जहां काशी का बच्चा-बच्चा लगा हुआ है। वहीं शासन स्तर पर भी इस आयोजन को भव्य मनाने की तैयारी की जा रही है। अयोध्या के दीपावली दीपोत्सव की तरह यहां भी लाखों दिये टिमटिमाएंगे। इसके अलावा ग्रीन आतिशबाजी और लेजर शो का भी भव्य आयोजन होगा। वहीं इसबार अयोध्या की तरह है इनके साथ सीएम योगी आदित्यनाथ और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी देव दीपावली पर काशी में मौजूद रहेंगे।

यहां वो क्रूज से गंगा में विहार कर घाटों की अलौकिक सुंदरता, पंचगंगा घाट का हजारा और लेजर शो के साथ ही साथ गंगा सेवा निधि, गंगोत्री सेवा समिति और अस्सी घाट पर होने वाली गंगा आरती को भी निहारेंगे। इनमें से 12 लाख दीपों से गंगा के सभी 85 घाट जगमगाएंगे। 1 लाख दीपक गाय के गोबर के भी जलेंगे। इस दौरान 60 घाटों पर गंगा की विशेष आरती होगी।

## CAA फाइनल ड्राफ्ट मार्च 2024 तक: इसमें मतुआ भी शामिल: मिश्रा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा ने रविवार को कहा कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम यानी सीएए का फाइनल ड्राफ्ट अगले साल 30 मार्च तक तैयार होने की उम्मीद है। उप्र से भाजपा सांसद ने नॉर्थ 24 परगना के ठाकुरनगर में मतुआ समुदाय को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मिश्रा ने कहा कि कोई भी मतुआ समुदाय से नागरिकता का अधिकार नहीं छीन सकता, जो बांग्लादेश में धार्मिक उत्पीड़न के कारण भाग गए थे। सीएए 31 दिसंबर 2014 से पहले अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से भारत में आने वाले हिंदुओं, सिखों, बौद्धों, जैनियों, पारसियों और ईसाइयों को भारतीय नागरिकता प्रदान करना चाहता है। सीएए के पहले भारतीय नागरिकता के लिए 11 साल भारत में रहना जरूरी था, इस समय को घटाकर 1 से 6 साल कर दिया है।

# छात्र के साथ हैवानियत, बेरहमी से की मारपीट, फिर मुंह पर किया पेशाब, वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

**मेरठ, (एजेंसी)।** थाना कोतवाली क्षेत्र में एक शर्मनाक घटना सामने आई है। चौधरी चरण विवि के कुछ छात्रों का अपने छात्र मित्र से विवाद हो गया। जिसके बाद सात छात्र एक छात्र का अपहरण कर उसे जागृति विहार एक्सटेंशन ले गए। जहां उसके साथ मारपीट करने के साथ-साथ उस पर पेशाब भी किया और जान से मारने की धमकी दी। इसी बीच कुछ छात्रों ने घटना का वीडियो बनाकर पीड़ित छात्र को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित छात्र के पिता ने मेडिकल थाने में आरोपी छात्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। लेकिन घटना का वीडियो वायरल होते ही पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस ने तुरंत एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर उन्हें गिरफ्तार कर रही है। जागृति विहार निवासी युवक रात को विवि के पास एक पार्टी में शामिल होने गया था।

# दिल्ली से दोगुना बड़ा विशाल हिमखंड 30 साल बाद अपनी जगह से खिसक रहा है



### क्या कोई खतरा है

**नई दिल्ली,** ।दुनिया का सबसे बड़ा हिमखंड क़रीब 30 साल समुद्र तल में अटके रहने के बाद फिर एक बार आगे बढ़ रहा है।यह 4,000 वर्ग किलोमीटर के आकार का एक हिमखंड है जिसे ए23ए नाम दिया गया है।इसकी विशालता का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यह ग्रेटर लंदन और दिल्ली जैसे शहरों के आकार के दोगुने से भी बड़ा है। 1986 में यह अंटार्कटिका के समुद्रतट से टूटा था, लेकिन वहीं वेडेला सागर की तलहटी से टकराकर रुक गया था और एक बर्फीला द्वीप बन गया था। पिछले साल यह ऊपर उठना शुरू हुआ था और अब यह हिमखंड अंटार्कटिका से बाहर निकलने वाला है।






# एसपी के बाद 2 डीएसपी समेत 6 सस्पेंड 2 साल बाद आप सरकार का एक्शन

**चंडीगढ़, (एजेंसी)।** पंजाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फिरोजपुर यात्रा के दौरान सुरक्षा चूक के मामले में लगभग 2 साल बाद आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार ने एक्शन लिया है। एसपी गुरबिंदर सिंह के बाद 2 डीएसपी समेत 6 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सस्पेंड किया गया है। सस्पेंड किए गए अधिकारियों में डीएसपी प्रसोन सिंह और जगदीश कुमार, इंस्पेक्टर जतिंदर सिंह और बलविंदर सिंह, एसआई जसवंत सिंह और एएसआई रमेश कुमार शामिल है। 5 जनवरी 2022 को पीएम मोदी के दौरे के दौरान ये सभी फिरोजपुर में तैनात थे।

### पंजाब में पीएम मोदी की सुरक्षा में चूक का मामला

गृह सचिव गुरकीरत किरपाल सिंह ने 22 नवंबर को सस्पेंशन के आदेश जारी करते हुए सुरक्षा चूक पर डीजीपी की रिपोर्ट का हवाला दिया है। इससे पहले पीएम की सुरक्षा में चूक की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित एक समिति की जांच रिपोर्ट में एडीजीपी से लेकर एसएसपी रैंक के अधिकारियों के अलावा तत्कालीन गृह सचिव और डीजीपी समेत कई शीर्ष अधिकारियों को दोषी ठहराया गया था। रिपोर्ट में आईपीएस अधिकारियों पर फोकस किया गया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से सुरक्षा चूक में पंजाब पुलिस के अधिकारियों की भूमिका की जांच करने को कहा था।

# भारत ने टी20 सीरीज में बनाई बढ़त

## 235 रन का विशाल स्कोर खड़ाकर ऑस्ट्रेलिया को 44 रन से धोया

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला भारत ने 44 रन से जीत लिया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने पांच मैच की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। तिरुवनंतपुरम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने चार विकेट खोकर 235 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 191 रन ही बना सकी और मैच हार गई। इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 235 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। भारत के लिए तीन बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाए। यशस्वी जायसवाल ने 53 रन, ऋतुराज गायकवाड़ ने 58 रन और ईशान किशन ने 52 रन की पारी खेली। अंत में रिंकू सिंह ने नौ गेंद में 31 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए नाथन एलिस ने तीन विकेट लिए। मार्कस स्टोइनिस को एक विकेट मिला। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया ने अच्छी शुरुआत की और दूसरे ओवर में टीम का स्कोर 30 रन पहुंच गया। हालांकि, शॉर्ट 19 रन बनाकर आउट हुए और कंगारू टीम पटरी से उतर गई। इंग्लिस दो रन और मैक्सवेल 12 रन बनाकर आउट हुए। स्मिथ भी 19 रन बनाकर आउट हो गए। स्टोइनिस और डेविड ने अर्धशतकीय साझेदारी कर टीम की वापसी कराई, लेकिन डेविड के आउट होने के बाद भारत की जीत लगभग तय हो गई। डेविड ने 37 और स्टोइनिस ने 45 रन बनाए। अंत में मैथ्यू वेड ने नाबाद 42 रन बनाए, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई टीम नौ विकेट खोकर 191 रन ही बना सकी। भारत के लिए प्रसिद्ध कृष्णा और रवि बिश्नोई ने तीन-तीन विकेट लिए। अर्शदीप सिंह, अक्षर पटेल और मुकेश कुमार को एक-एक विकेट मिला।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी कै. जाम्पा बो. एलिस | 53 | 25 | 9/2 |
| ऋतुराज कै. डेविड बो. एलिस | 58 | 43 | 3/2 |
| इशान किशन कै.एलिस बो. स्टोयनिस | 52 | 32 | 3/4 |
| सूर्यकुमार कै. स्टोयनिस बो. एलिस | 19 | 10 | 0/2 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 31 | 09 | 4/2 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 07 | 02 | 0/1 |

अतिरिक्त: 15, कुल: 20 ओवर में चार विकेट पर 235 रन, विकेट पतन: 1-77, 2-164, 3-189, 4-221, गेंदबाजी: मॉर्कस स्टोयनिस 3-0-27-1, नॉथन एलिस 4-0-45-3, ग्लेन मैक्सवेल 2-0-38-0, सैन एबॉट 3-0-56-0, एडम जम्पा 4-0-33-0, तनवीर सांघा 4-0-34-0,

| ऑस्ट्रेलिया | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| स्टीव स्मिथ कै. यशस्वी बो. प्रसिद्ध कृष्णा | 19 | 16 | 1/1 |
| मैथ्यू शॉर्ट बो. रवि विश्नोई | 19 | 10 | 3/0 |
| जोश इंग्लिश कै. तिलक बो. विश्नोई | 02 | 04 | 0/0 |
| ग्लेन मैक्सवेल कै. यशस्वी बो. पटेल | 12 | 08 | 1/1 |
| स्टोयनिश कै. पटेल बो. मुकेश कुमार | 45 | 25 | 2/4 |
| टीम डेविड कै. गायकवाड बो. विश्नोई | 37 | 22 | 4/2 |
| मैथ्यू वेड नाबाद | 42 | 23 | 1/4 |
| सैन एबॉट बो. प्रसिद्ध कृष्णा | 01 | 02 | 0/0 |
| नॉथन एलिस बो. प्रसिद्ध कृष्णा | 01 | 04 | 0/0 |
| एडम जाम्पा बो. अर्शदीप सिंह | 01 | 03 | 0/0 |
| तनवीर सांघा नाबाद | 02 | 04 | 0/0 |

अतिरिक्त: 10, कुल: 20 ओवर में नौ विकेट पर 191 रन, विकेट पतन: 1-35, 2-39, 3-53, 4-58, 5-139, 6-148, 7-149, 8-152, 9-155 गेंदबाजी: अर्शदीप सिंह 4-0-46-1, प्रसिद्ध कृष्णा 4-0-41-3, रवि विश्नोई 4-0-32-3, अक्षर पटेल 4-0-25-1, मुकेश कुमार 4-0-43-1,



### यशस्वी जायसवाल ने दिलाई तेज शुरुआत

ग्रीनफील्ड अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 5.5 ओवरों में 77 रन जोड़ कर टीम को जोरदार शुरुआत दी। एलिस ने जम्पा के हाथों कैच कराकर यशस्वी जायसवाल 53 रन को पवेलियन भेज कर भारत को पहला झटका दिया। जायसवाल ने 25 गेंदों में नौ चौके और दो छक्कों की मदद से 53 रन बनाये। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये इशान किशन ने आक्रामक रूख अख्तियार करते हुए 32 गेंदों में तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 52 रन ठोक डाले। उन्हें स्टॉयनिस ने एलिस के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दो छक्कों की मदद से 10 गेंदों में 19 रन बनाये। उन्हें एलिस की गेंद पर स्टॉयनिस ने कैच आउट किया। 20 ओवर की दूसरी गेंद पर ऋतुराज गायकवाड़ 58 रन पर चौथे विकेट के रूप में आउट हुये। उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के लगाये।

### रिंकू ने 9 गेंदों पर जड़े 31 रन

रिंकू सिंह नौ गेंदों में 31 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी आतिशी पारी में चार चौके और दो छक्के लगाये। तिलक वर्मा सात रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने टी-20 मुकाबले के निर्धारित 20 रनों में 235 रनों का ऐतिहासिक स्कोर खड़ा किया है। ऑस्ट्रेलिया की ओर से नेथन एलिस ने तीन विकेट लिये। वहीं मार्कस स्टॉयनिस ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# फाइनल में लड़कर हारे सात्विक और चिराग

### विश्व नंबर एक चीनी जोड़ी से किया एक घंटा 11 मिनट संघर्ष



**नई दिल्ली।** सर्वोच्च वरीय भारतीय जोड़ी सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन के फाइनल में हार के साथ उपविजेता रहकर संतोष करना पड़ा। फाइनल में दोनों को विश्व नंबर एक और दूसरी वरीय मेजबान चीनी जोड़ी लियांग वेई केंग और वांग चांग के हाथों तीन गेमों के संघर्ष में 19-21, 21-18, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह मुकाबला एक घंटा और 11 मिनट तक चला। भारतीय जोड़ी का इस वर्ष विश्व बैडमिंटन महासंघ बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर का चौथा और कुल छठा खिताब जीतने का सपना पूरा नहीं हो सका। सात्विक और चिराग इस वर्ष एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक जीतने के अलावा स्विस ओपन सुपर 300, इंडोनेशियाई ओपन सुपर 1000 और कोरियाई ओपन सुपर 500 का खिताब जीत चुके हैं। दोनों ने इस वर्ष एशियाई चैंपियनशिप का खिताब भी जीता। सेमीफाइनल में सात्विक-चिराग का पलड़ा भारी माना जा रहा था। दोनों ने एशियाड के फाइनल में हुए पिछले मुकाबले में इस चीनी जोड़ी को परास्त किया था। पहले ही गेम में जबरदस्त संघर्ष देखने को मिला, जिसमें चीनी जोड़ी को सफलता मिली। दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने वापसी की और 21-18 से गेम जीतकर मुकाबले को 1.- की बराबरी पर ला दिया।

## मैं अपनी कॉलोनी में कबड्डी खेलता था: रवि शास्त्री

**बेंगलुरु।** प्रो कबड्डी लीग सीजन-10 शुरू होने से पहले पूर्व भारतीय क्रिकेटर रवि शास्त्री और संजय मांजरेकर ने मुंबई में खेलने के साथ-साथ कबड्डी देखने के अपने अनुभव को याद किया। शास्त्री ने कहा, मैं अपनी कॉलोनी में कबड्डी खेलता था। यह खेल खेलने में बहुत मजा आता था क्योंकि हम शाम को खेलते थे। कॉलोनी के सभी लोग खेलने के लिए एक साथ आते थे और 50 लोगों का एक समूह हमारा खेल देखता था। शास्त्री ने कबड्डी में फिटनेस के महत्व पर बल देते कहा, कबड्डी के लिए अच्छा फिटनेस स्तर बहुत महत्वपूर्ण है। कोर स्ट्रेंथ और निचला शरीर बहुत महत्वपूर्ण है। इस दौरान मांजरेकर ने मुंबई में नाइट कबड्डी कल्चर के बारे में बताया। उन्होंने खुलासा किया, एक बहुत ही प्रतिस्पर्धी रात की कबड्डी होती थी और बहुत सारे लोग मुंबई में खेल देखने जाते थे। मैं भी भारी भीड़ के साथ खेल देखने जाता था। मांजरेकर ने कहा कि तेज गेंदबाजों का सामना करना कबड्डी खेलने से ज्यादा आसान है। उन्होंने कहा, यह एक संपर्क खेल है।

# रशिमका ने जीता पहला आईटीएफ खिताब

### महिला विश्व टेनिस टूर के फाइनल में जील देसाई को हराया

**बेंगलुरू ।** राष्ट्रीय चैम्पियन रशिमका भामीदिपति ने रविवार को महिला विश्व टेनिस टूर के फाइनल में जील देसाई को हराकर अपना पहला आईटीएफ खिताब जीता। यहां बॉरिंग इंस्टीट्यूट कोर्ट में भारतीय खिलाड़ियों के बीच हुए फाइनल मुकाबले में रशिमका ने 6-0, 4-6, 6-3 की जीत दर्ज करते हुए 3935 डॉलर की पुरस्कार राशि और 50 डब्ल्यूटीए अंक अपने नाम किये।



देसाई को 2107 अमेरिकी डॉलर और 30 डब्ल्यूटीए अंक प्राप्त हुए। रशिमका ने देसाई पहला सेट आसानी से 6-0 से जीत लिया। लेकिन सेट में देसाई ने वापसी करते हुए प्रतिद्वंद्वी की सर्विस तोड़ दी। इसके बाद रशिमका ने चौथे और पांचवें गेम में सर्विस रखते हुए 3-2 से बढ़त बना ली। देसाई ने फिर वापसी करते हुए लगातार तीन गेम जीतकर सेट 6-4 से हासिल किया। निर्णायक मुकाबले में देसाई रशिमका से 0-3 से पिछड़ रही।

# शूटिंग में नयन्सी सोलंकी ने जीते गोल्ड

**भोपाल, खेल संवाददाता।** मप्र राज्य शूटिंग अकादमी में भारतीय राष्ट्रीय रायफल महासंघ, नई दिल्ली के तकनीकी सहयोग से 66 नेशनल शूटिंग चेम्पियनशिप, पिस्टल का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में रविवार को नयन्सी सोलंकी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए व्यक्तिगत स्पर्धा में दो गोल्ड जीते।

नयन्सी ने 50 मीटर फ्रिपिस्टल सीनियर वुमेन सिविलियन में गोल्ड, 50 मीटर फ्रि पिस्टल जूनियर वुमेन सिविलियन में गोल्ड जीता। वहीं 50 मीटर फ्रिपिस्टल जूनियर वुमेन टीम, सिविलियन नयन्सी सोलंकी, अराध्या मिश्रा, अंकिता प्रसाद ने गोल्ड मैडल अपने नाम किया। 50 मीटर फ्रि पिस्टल सीनियर वुमेन टीम नयन्सी सोलंकी, चिन्की यादव, मानवी जैन गोल्ड पदक जीता। 50मीटर फ्रि पिस्टल जूनियर वुमेन टीम नयन्सी सोलंकी, अराध्या मिश्रा, मानवी जैन को गोल्ड मिला। वहीं 50 मीटर फ्रिपिस्टल जूनियर वुमेन में ब्रोंज पदक जीता। 25मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल जूनियर मेन टीम युग प्रताप सिंह, सूरज शर्मा, हरिओम चावड़ा सिल्वर मैडल जीते। जबकि 25मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल जूनियर मेन सिविलियन सूरज शर्मा ब्रोंज मिला। 10मीटर एयर पिस्टल यूथ मिक्स टीम युग प्रताप सिंह, नयन्सी सोलंकी ब्रोंज जीता। इस प्रतियोगिता में देश के ओलंपियन, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों भाग ले रहे है। रविवार को 10मीटर, 25मीटर एवं 50मीटर पर पिस्टल के मैच आयोजित हुए। मेडल सेरेमनी में मुख्य अतिथि के तौर पर रवि कुमार गुप्ता, संचालक खेल एवं युवा कल्याण एवं विशेष अतिथि के तौर पर राजीव भाटिया, सचिव, भारतीय राष्ट्रीय रायफल महासंघ, नई दिल्ली द्वारा उपस्थित होकर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।



# सिनर ने जोकोविच की डेविस कप में जीत का सिलसिला तोड़ा

### तीन मैच प्वाइंट बचाकर इटली को दिलाई बराबरी

**स्पेन (एजेंसी)।** इटली के जानिक सिनर ने तीन मैच प्वाइंट बचाकर नोवाक जोकोविच को 6-2, 2-6, 7-5 से हरा दिया। यहां खेले गये डेविस कप सेमीफाइनल में सिनर ने जोकोविच को हराते हुए इटली को सर्बिया के साथ 1-1 की बराबरी पर ला दिया। अब इस मुकाबले का विजेता सिनर आज होने वाले फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के टेनिस खिलाड़ी से मुकाबला करेगा। जोकोविच और सिनर अंतिम युगल मुकाबले में वापसी करेंगे। 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच पर 6-2, 2-6, 7-5 से जीत के बाद सिनर ने कहा, यह एक अविश्वसनीय मैच था, हम इस प्रतियोगिता से बाहर होने से एक अंक दूर थे और हम अभी भी यहां हैं।



# इंदौर और जबलपुर ने जीते अपने-अपने मुकाबले

**भोपाल, खेल संवाददाता।** राधारमण समूह परिसर के क्रिकेट मैदान पर चल रहे आरजीपीवी स्टेट लेवल क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन क्वार्टर फाइनल के दो मुकाबले संपन्न हुए। इसमें ग्वालियर और जबलपुर तथा इंदौर व सागर के बीच मुकाबला हुआ. इन मुकाबलों की शुरुआत टेक्निकल एजुकेशन विभाग के ओ एस डी डॉ. सौरभ तिवारी ने खिलाडियों का परिचय कर कराई। पहला मुकाबला इंदौर और सागर के बीच हुआ। इंदौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकिटों के नुकसान पर 145 रन बनाये. जवाब में सागर की टीम ने 17.4 ओवरों में 100 रन बनाये और 45 रनों से मुकाबला हार गई. विजेता टीम के खिलाडी अनिकेत पटेल को उनके दोहरे प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया. उन्होंने जहाँ एक ओर बल्लेबाजी करते हुए 35 बालों पर 5 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 45 रन बनाये तो वहीं बेहतरीन बॉलिंग कर 3.4 ओवरों में 10 रन देकर 4 विकिट लिए दूसरा मुकाबला ग्वालियर और जबलपुर के बीच हुआ जिसमें जबलपुर ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया. बल्लेबाजी करने उतरी ग्वालियर की टीम ने 19.3 ओवरों में आल आउट होकर 112 रन बनाये. इस लक्ष्य का मुकाबला करने उतरी जबलपुर की टीम ने इसे 15 ओवरों में 4 विकिट खोकर आसानी से हासिल कर लिया. इस जीत में जबलपुर के बल्लेबाज शशांक ओझा के 49 रनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा. उन्होंने 33 बालों में आठ चौकों और एक छक्के के मदद से यह स्कोर खड़ा किया।



# गुरु कृपा और आर्मी पब्लिक ने जीते अपने मुकाबले

### एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल द्वारा आयोजित सीबीएसई फुटबॉल गर्ल्स नेशनल प्रतियोगिता का दूसरा दिन

**भोपाल।** रविवार को पहला मुकाबला इंडियन स्कूल ओमान एवं गुरु कृपा स्कूल के बीच खेला गया जिसमें गुरु कृपा स्कूल ने यह मुकाबला 6/0 से जीता। दिन का दूसरा मुकाबला आर्मी पब्लिक स्कूल लखनऊ एवं मिस स्कूल कतर के बीच खेला गया जिसमें आर्मी पब्लिक स्कूल ने मिस कतार को 4/0 से हराया।दिन का तीसरा मुकाबला शाह सतनाम स्कूल श्रीगंगा नगर एवं जवाहर हाई सेकेंडरी स्कूल के बीच खेला गया जिसमें शाह सतनाम स्कूल ने जवाहर हाई सेकेंडरी स्कूल को 3/0 से हराया। दिन का चौथा मुकाबला एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल भोपाल एवं पाइनग्रोव स्कूल के बीच खेला गया। जिसमें एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल को हार का सामना करना पड़ा। दिन का पांचवा मुकाबला वसंत वैली स्कूल न्यू दिल्ली और दिल्ली पब्लिक स्कूल बेंगलुरु के बीच खेला गया यह मुकाबला दिल्ली पब्लिक स्कूल बेंगलुरु में 2/1 से जीत लिया। दिन का अगला मुकाबला मिलेनियम स्कूल पुणे एवं द आर्यन स्कूल के बीच खेला गया जिसमें द आर्यन स्कूल ने यह मुकाबला 1/0से जीत लिया। तिनका अगला मुकाबला इन फोकस स्कूल और जेम्स मिलेनियम स्कूल शारजाह के बीच खेला गया जिसमें इनफोकस स्कूल वेस्ट बंगाल ने जेम्स स्कूल शारजाह को 1/0 से हराया। दिन का आठवां मुकाबला एमजीएम स्कूल भिलाई छत्तीसगढ़ एवं झारखंड पब्लिक स्कूल रांची के बीच खेला गया जिसमें झारखंड पब्लिक स्कूल ने यह मुकाबला 1/0 से जीत लिया।



# मोहम्मद शमी ने दिखाई दरियादिली, सड़क दुर्घटना के शिकार व्यक्ति को बचाया

**देहरादून।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एक अच्छे व्यवहार वाले व्यक्ति के रूप में मिशाल पेश करते हुए नैनीताल में उनके सामने हुई सड़क दुर्घटना के शिकार हुए व्यक्ति को बचाते हुए देखे गये। यह जानकारी उस समय सामने आयी जब शमी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें वह दुर्घटना पीड़ति की मदद करते देखे गये। दुर्घटना पीड़ति की कार पहाड़ी सड़क से गिर गई थी। वीडियो को कैप्शन देते हुए शमी ने कहा, वह बहुत भाग्यशाली है कि भगवान ने उसे दूसरी जिंदगी दी। उसकी कार मेरी कार के ठीक सामने नैनीताल के पास सड़क से नीचे गिर गई। हमने सुरक्षित रूप बाहर निकाल लिया। शमी क्रिकेट विश्वकप के समाप्त होने बाद नैनीताल में छुट्टियां मना रहे उन्होंने अपने आगे चल रही कार को ढलान से नीचे गिरते हुए देखा तो तुरंत अपनी कार रोकी और कार सवार को बचाने के लिए दौड़ पड़े।



# जर्मनी की स्पेन पर रोमांचक जीत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जर्मनी एक ही वर्ष में फीफा अंडर-17 विश्व कप और यूईएफए यूरोपीय अंडर-17 चैंपियनशिप जीतने वाली पहली टीम बनने से दो जीत दूर है। मंगलवार को सेमीफाइनल में उनका सामना अर्जेंटीना से होगा, जर्मनी ने अंतिम-आठ के तनावपूर्ण मुकाबले में अपने साथी यूरोपीय दिग्गज स्पेन को 1-0 से हरा दिया था और बढ़ते आत्मविश्वास के साथ वे इतिहास बना सकते हैं। जब 2023 में जर्मनी की अविश्वसनीय सफलता को रेखांकित करने वाले प्रमुख गुण को इंगित करने के लिए कहा गया, तो कोच क्रिस्चियन वुक और उनके खिलाड़ियों दोनों के मुंह से बार-बार एक शब्द निकलता है मानसिकता। वुक ने फीफा को बताया कि यह विश्वास यहां भी है, जैसा कि यूरो में था। शायद हम विश्वास करने में सर्वश्रेष्ठ टीम हैं। हम खेल हारने के बारे में नहीं सोचतेए हम जीतने के बारे में सोचते हैं। मानसिक रूप से हम मजबूत रहे हैंण् अबए हम सेमीफाइनल में हैंए हम 2 दिसंबर तक रहना चाहते हैं, फाइनल खेलना चाहते हैं और जीतना चाहते हैं। स्पेन के मुकाबले मेंए जर्मनी ने उस टीम के खिलाफ गेंद के बिना काफी समय बिताया, जिसे वुक ने शायद तकनीकी रूप से दुनिया में सर्वश्रेष्ठ् बताया था।

**कड़ा फैसला** | पेरिस ओलंपिक के लिए दो चरण में होगी चयन प्रक्रिया

# कुश्ती में ओलंपिक टिकट पाना हुआ मुश्किल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय कुश्ती दल को दो चरण वाली चयन प्रक्रिया से गुजरना होगा जिसमें कोटा स्थान अर्जित करने वाले पहलवान को जून में चैलेंजर से भिड़ना होगा और इस मुकाबले के विजेता को चार साल में होने वाले खेल आयोजन में देश के प्रतिनिधित्व का मौका मिलेगा।

विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता अंतिम पंघाल महिला 53 किग्रा वर्ग में ने ही अब तक देश के लिए कोटा स्थान अर्जित किया है लेकिन ओलंपिक में उनकी भागीदारी का पता एक जून को ही चलेगा। अंतिम को एक जून को ट्रायल स्पर्धा की विजेता से भिड़ना होगा। अंतिम को ओलंपिक टिकट पाने के लिए अपनी प्रतिद्वंद्वी विनेश फोगाट से भिड़ना पड़ सकता है। ट्रायल में अगर विनेश 53 किग्रा भारवर्ग में विजेता बनती है तो उनके पास भी ओलंपिक में जाने का मौका होगा। भारत के पास एशियाई और विश्व क्वालिफायर के जरिये 17 और ओलंपिक कोटा हासिल करने का मौका होगा। इसमें किर्गिस्तान में 19 से 21 अप्रैल तक एशियाई ओलंपिक क्वालिफायर और तुर्किये में नौ से 12 मई तक विश्व ओलंपिक क्वालिफायर का आयोजन शामिल है। भारत पुरुषों की फ्री-स्टाइल और ग्रीको रोमन स्पर्धा में छह-छह जबकि महिला वर्ग में पांच और कोटा हासिल कर सकता है।



## अनुराग ठाकुर ने पैरा गेम्स के लिए लोगो, मस्कट और जर्सी की लॉन्च

**नई दिल्ली।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने रविवार को पैरा खेलो का पहला एडिशन, लोगो, मस्कट और जर्सी लॉच करते हुए कहा कि 11 दिसंबर को खेलो इंडिया का उद्घाटन होगा। खेल मंत्री ने दिल्ली छावनी स्थित मानेकशॉ सेंटर में आयोजित एक समारोह में कहा कि 10 से 17 दिसंबर तक राजधानी दिल्ली के तीन स्टेडियमो, आईजी स्टेडियम, तुगलकाबाद में शूटिंग रेंज और जेएलएन स्टेडियम में पैरा एथलेटिक्स, पैरा शूटिंग, पैरा तीरंदाजी, पैरा फुटबॉल, पैरा बैडमिंटन, पैरा टेबल टेनिस और पैरा वेट लिफ्टिंग सहित सात स्पर्धाओ में पैरा एथलीट सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से प्रतिभाशाली पैरा एथलीटो की पहचान करने में मदद करेगा जिन्हें भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और खेल मंत्रालय के पर्याप्त समर्थन से सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि देश, विदेश में होने वाले पैरा खेलो के आयोजन का खर्च सरकार उठायेगी तथा प्रत्येक खिलाड़ी की छह लाख रूपये का जेब खर्च अगल से दिया जाता है। एथलीट को विकसित करने के लिए तीन लाख रूपये अतिरिक्त दिया जाता है। उन्होने कहा कि खेलो इंडिया एक अभियान नहीं, जन भागीदारी से जन आंदोलन बन गया है। उन्होने कहा कि खेलो इंडिया के तहत पहले चार वर्षो के लिए तीन हजार करोड़ रूपये दिये गये थे। उन्होने कहा कि अगले पांच वर्षो के लिए हमें 33 सौ करोड़ रुपए मंजूर कर दिया गया है।

बालाजी कन्सट्रक्शन कम्पनी



शॉप नं0 14, ओम कॉम्प्लेक्स, नया बॉस, सेक्टर-15, नोएडा (गौतमबुद्धनगर)

फोन- 0120- 2321857

मो0- 9811082962

# मेकर्स को लगता है बड़े स्टार्स ही पैसा ला सकते हैं लेकिन अब चीजें बदल गई हैं

**विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वीं फेल कमाल दिखा रही है। किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि फिल्म इतनी सफल हो जाएगी और ये बॉक्स ऑफिस पर भी रिकॉर्ड बनाने में सफल रही। फिल्म की कास्ट की बात करें, तो विक्रांत मैसी लीड रोल में हैं और एक्ट्रेस मेधा शंकर फीमेल लीड हैं। मेधा एक पढ़े-लिखे संपन्न परिवार से आती हैं और उनका एक्टिंग करियर जरा भी आसान नहीं था।**

**12वीं फेल बड़ी हिट बन गई है, हर तरफ लीड एक्ट्रेस के तौर पर आपकी बातें हो रही हैं, कैसा लग रहा है?**
मैं बहुत ब्लेस्ड महसूस कर रही हूं। मैं कई सालों से मुंबई में हूं और अब जाकर कुछ अच्छा आया है। लोगों का जो प्यार मिल रहा है, वो देखकर बहुत खुशी हो रही है। विधु सर ने बहुत अच्छी फिल्म बना दी है।

**आपको इंडस्ट्री में कितने साल हो चुके हैं और शुरुआत कैसे हुई थी?**
मैं दिल्ली से हूं और 2017 में मुंबई आई थी। 2018 से ऑडिशन देना शुरू किया था। उसके बाद से अब 6 साल हो चुके हैं। बीचम हाउस से मेरी शुरुआत हुई थी। मैं ऐड के लिए ऑडिशन देती थी लेकिन मिलते नहीं थे। उसके बाद साजिस्तान मिली थी, फिर दिल बेकरार किया। उसमें मैं सेकेंड लीड थी लेकिन मेरी उस वक्त बहुत बात हुई थी। लोगों ने काफी तारीफ की थी।

**12वीं फेल कैसे मिली थी?**
विधु सर का प्रोसेस बहुत मुश्किल होता है। ऑडिशन में जाकर मैंने ऑडिशन दिया और 10 दिन बाद मुझे स्क्रीन टेस्ट के लिए कॉल आया था। तब मैंने विक्रांत के साथ पहली बार सीन किया था। मैं जब ऑडिशन देकर घर गई तो मुझे लग रहा था कि ये रोल मेरे लिए ही बना है। सर ने मेरे सीन की बहुत तारीफ की थी। विधु सर बहुत सख्त हैं, आप जैसा करोगे वो बोल देंगे कि कैसा है। मैंने घर जाकर पापा को बोला था कि पापा ये फिल्म तो मुझे ही मिलने वाली है। मुझे लग रहा था कि ये रोल मेरी किस्मत का ही है। मुझे अंदर से फिलींग आ रही थी कि ये रोल मेरे लिए ही बना है।

**श्रद्धा का कैरेक्टर फिल्म में बहुत मजबूत था। तो आप ये बताएं कि आप उस कैरेक्टर से असल जिंदगी में कितनी मेल खाती हैं?**
मैं सच कहूं तो जब मैं और श्रद्धा मैम मिलते थे और जब हम बात करना शुरू करते थे तो हमारी सोच हर चीज पर सेम होती थी। हम बस यही बोलते थे कि हमारा कुछ तो कनेक्शन है। ऐसा कैसे होता है। देश-दुनिया को लेकर भी हमारी सोच एक जैसी ही होती है। ये अक्सर होता था। अब तो हम बड़ी और छोटी बहन के जैसे रहते हैं और बातें करते हैं।

**फिल्म इंडस्ट्री में बड़े प्रोडक्शन कहीं न कहीं सिर्फ स्टारकिड्स को मौका देते हैं, अच्छे एक्टर्स पीछे रह जाते हैं, इस पर कुछ कहेंगी?**
आप कितने भी बड़े स्टार हैं लेकिन आपके कंटेंट में दम नहीं है तो फिल्म फ्लॉप हो जाएगी आपकी, जैसा कि हो भी रहा है। मेकर्स को लगता है बड़े स्टार्स ही पैसा ला सकते हैं लेकिन अब चीजें बदल गई हैं। अब चाहिए कि भईया एक्टर अच्छा लाओ। लोगों को अब सिर्फ अच्छे एक्टर्स ही देखने हैं। और चीजें बदल रही हैं। थोड़ा वक्त लगेगा लेकिन मौका जरूर मिलेगा।


**शुरू से आपको एक्टिंग ही करनी थी या कुछ और भी बैकअप प्लान था?**
मैं बहुत पढ़ाकू सी स्टूडेंट थी स्कूल में। लेकिन मैं परफॉर्म करती थी। हां, लेकिन कभी थिएटर भी नहीं किया था। फिर ग्रेजुएशन के वक्त मुझे मॉडलिंग में ट्राई करना था। फिर मैंने मास्टर्स किया और तब मैं मुंबई आई। मैं जिस परिवार से आती हूं, सब काफी पढ़े-लिखे हैं। मुझे पढ़ाई करनी ही थी। लेकिन मुझे एक्टिंग से बहुत प्यार हो गया था। उसके बाद से तो मुझे एक्टर ही बनना था।



# आगामी फिल्म द क्रू में करीना कपूर और तब्बू के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी कृति सेनन

**अभिनेत्री कृति सेनन अपनी आगामी फिल्म द क्रू को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इस फिल्म में अभिनेत्री करीना कपूर और तब्बू के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। कृति सेनन फिल्मों के अलावा तमाम विषयों पर अपनी राय देने के लिए भी जानी जाती हैं।**

हाल ही में, एक मीडिया बातचीत के दौरान कृति सेनन ने खुलासा किया कि फैशन पुलिस के आने के बाद से सितारों ने अपने लुक को गंभीरता से लेना शुरू कर दिया हैं। इसके अलावा भी कृति ने कई दिलचस्प बातें साझा कीं। हाल ही में एक मीडिया बातचीत के दौरान जब कृति सेनन से पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि फैशन के लिए आराम को छोड़ दिया जाता है? इसका जवाब देते हुए अभिनेत्री ने कहा कि फैशन पुलिस के आने के बाद से सितारों ने अपने पहनावे और लुक को गंभीरता से लेना शुरू कर दिया है। कृति सेनन ने कहा, फैशन पुलिस के आने से हम अपने लुक को लेकर बहुत गंभीर हो गए हैं कि हम कैसे दिखें। मेरा मानना है कि फैशन एक ऐसी चीज है, जिसका हमें आनंद लेना चाहिए। फैशन और आराम को देखते हुए ही हमें अपने लुक का चयन करना चाहिए। आपको बताते चलें कि फैशन पुलिस एक इंटरनेशनल सीरीज है, जिसमें सेलेब्स के ड्रेसिंग सेंस आदि को जज किया जाता है।



# 29 नवंबर को लिन लैशराम संग सात फेरे लेंगे रणदीप हुड्डा



बॉलीवुड के हैंडसम हंक रणदीप हुड्डा अपने जीवन का नया चैप्टर शुरू करने जा रहे हैं। रणदीप हुड्डा लंबे समय से लिन लैशराम को डेट कर रहे हैं। बीते दिन खबर आई थी कि 6 साल की लंबी डेटिंग के बाद कपल जल्द शादी के बंधन में बंधने जा रहा है। वहीं अब खबर आ रही है कि 6 साल की लंबी डेटिंग के बाद कपल जल्द शादी के बंधन में बंधने जा रहा है। अब, हमें उनकी शादी की तारीख और रीति-रिवाजों के बारे में रिपोर्टें मिलीं जो अविस्मरणीय हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार रणदीप हुड्डा 29 नवंबर, 2023 को लिन लैशराम संग सात फेरे लेने जा रहे हैं। कपल लिन लैशराम के होम टाउन में शादी रचाएगा। शादी में कपल डिजाइनर आउटफिट को छोड़कर पारंपरिक मणिपुरी ड्रेस पहनेगा। एक करीबी सूत्र के मुताबिक रणदीप और लिन की पारंपरिक मणिपुरी शादी में मणिपुरी खाना और गायक भी होंगे। सूत्र ने इस शादी को बिना फिल्मी तड़का बताया। सूत्र ने आगे बताया कि रणदीप और लिन की शादी उनके करीबी दोस्तों और रिश्तेदारों के बीच शादी होगी। इसके बाद वे दिसंबर 2023 में मुंबई में फिल्म इंडस्ट्री में अपने दोस्तों के लिए एक ग्रैंड रिसेप्शन पार्टी होस्ट करेंगे। इतना ही नहीं शादी से पहले कपल मणिपुर के राजा, लीशेम्बा सनाजाओबा से मिलेंगे। खैर, हम रणदीप हुडा और लिन लैशराम की शादी की झलकियों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# इमरान हाशमी के साथ मेरा बॉन्ड बहुत खास है, वे रियल लाइफ में बिल्कुल अलग हैं



निकिता दत्ता फेमिना मिस इंडिया 2012 की फाइनलिस्ट में से एक थीं। उन्होंने साल 2014 में लेकर हम दीवाना दिल से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म को सैफ अली खान ने प्रोड्यूस किया था। साल 2021 में आई फिल्म कबीर सिंह में निकिता ने एक्ट्रेस जिया शर्मा का किरदार निभाया था। फिल्म में शाहिद कपूर के साथ फिल्माए गए सीन को लेकर निकिता को काफी पॉपुलैरिटी मिली। निकिता ने बताया कि इमरान हाशमी एक नो-नॉनसेंस वाले इंसान हैं। उन्होंने अभिषेक बच्चन को मजाकिया कहा। निकिता ने रैपिड फायर सेगमेंट के दौरान पूछे गए दिलचस्प सवालों के मजेदार जवाब भी दिए। निकिता दत्ता ने अभिषेक बच्चन के साथ साल 2021 में द बिग बुल फिल्म में काम किया था। इंटरव्यू के दौरान निकिता ने कहा, अभिषेक बच्चन के साथ काम करने का एक्सपीरियंस बहुत अच्छा था। उनका सेंस ऑफ ह्यूमर कमाल का है। अभिषेक बच्चन बहुत मजाकिया हैं। बहुत टांग खींचते हैं। वे किसी को नहीं छोड़ते हैं। अभिषेक के पास बहुत कहानियां हैं। जब भी वे सेट पर होते थे, सबको कहानियां सुनाते थे। निकिता ने बताया कि अक्षय और निकिता खुद फिटनेस को लेकर बहुत सीरियस हैं। इमरान हाशमी के साथ निकिता ने साल 2021 में डिबुक फिल्म में काम किया था। उन्होंने बताया कि इमरान एक नो-नॉनसेंस वाले इंसान हैं। वे अपने काम से काम रखते हैं। इमरान रियल लाइफ में अपनी स्क्रीन इमेज से बिल्कुल अलग हैं। उनके साथ मेरा बॉन्ड बहुत खास रहा है। इंटरव्यू के दौरान निकिता दत्ता से रैपिड फायर सेगमेंट भी खेला गया।

# ऐ वतन मेरे वतन को लेकर बोलीं सारा अली खान



अपनी अदाकारी से दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाने वाली अभिनेत्री सारा अली खान इन दिनों अपनी आगामी प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। अभिनेत्री एक के बाद एक प्रोजेक्ट्स साइन कर रही हैं। अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की तैयारी में लगीं सारा की अगली फिल्म ऐ वतन मेरे वतन रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है। अब अभिनेत्री ने अपनी फिल्म को लेकर बड़ा बयान दिया है। अभिनेत्री सारा अली खान ने कहा कि उनकी आने वाली फिल्म ऐ वतन मेरे वतन भारत के स्वतंत्रता संग्राम की एक कालजयी कहानी है जो वर्तमान पीढ़ी को प्रेरित करने की क्षमता रखती है। बता दें कि निर्माताओं ने भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) के चल रहे 54वें संस्करण में सच्ची घटनाओं से प्रेरित थ्रिलर ड्रामा फिल्म का एक विशेष प्रदर्शन प्रस्तुत किया। सारा ने अपनी फिल्म के बारे में बताते हुए कहा, यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित फिल्म है, लेकिन यह एक कालजयी कहानी है। वर्तमान पीढ़ी को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए।

# रिवेंज थ्रिलर सीरीज अक्का में राधिका आप्टे और कीर्ति सुरेश होंगी आमने-सामने

एक्ट्रेस राधिका आप्टे और कीर्ति सुरेश यशराज फिल्म्स की अपकमिंग रोमांचक थ्रिलर फिल्म अक्का में एक-दूसरे के आमने-सामने होंगी। एक सूत्र ने कहा, कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे को आज भारत की दो सबसे प्रतिभाशाली महिला अभिनेताओं में से एक माना जाता है। वे अविश्वसनीय रूप से स्वाभाविक कलाकार हैं और स्क्रीन पर एक के बाद एक अविश्वसनीय प्रदर्शन देने वाले टूर डी फोर्स के रूप में उनकी सराहना की जाती है! फैक्ट यह है कि कीर्ति और राधिका को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा किया गया है, जो अक्का को वर्तमान में देश में बनाई जा रही सबसे दिलचस्प स्ट्रीमिंग प्रोजेक्ट्स में से एक बनाता है! इस प्रोजेक्ट का निर्देशन नवोदित लेखक और निर्देशक धर्मराज शेट्टी द्वारा किया जा रहा है। अक्का के प्रति उनके दृष्टिकोण ने आदित्य का ध्यान खींचा और अक्का को वाईआरएफ एंटरटेनमेंट की अब तक की सबसे बड़ी टेंटपोल सीरीज में से एक बनाने के लिए आदि की संक्षिप्त जानकारी के साथ प्रोजेक्ट को तुरंत हरी झंडी दे दी गई। सूत्र ने कहा, इस सीरीज के इर्द-गिर्द साजिश पैदा करने के लिए वाईआरएफ द्वारा इस परियोजना के हर विवरण को जानबूझकर गुप्त रखा जाएगा।





# संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल में त्रिप्ती डिमरी सरप्राइज एलिमेंट हैं?

**संदीप रेड्डी वांगा की आगामी फिल्म एनिमल के बहुप्रतीक्षित ट्रेलर ने दर्शकों को उत्साह से भर दिया है, और एक नाम शहर में चर्चा का विषय बन गया है - त्रिप्ती डिमरी। अपने सशक्त और प्रभावशाली अभिनय के लिए मशहूर, त्रिप्ती की ट्रेलर में झलक ने इस प्रतिशोध की कहानी में उनकी भूमिका के बारे में उत्सुकता और अटकलें बढ़ा दी हैं।**

कालाऔर बुलबुल जैसी प्रोजेक्ट में अपने शानदार अभिनय के लिए प्रशंसित त्रिप्ती डिमरी एनिमल में एक बार फिर दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं। उनकी भूमिका का विवरण गोपनीयता में छिपा हुआ है, जिससे फिल्म में रहस्य का तत्व जुड़ गया है। दर्शकों को गहराई से प्रभावित करने वाले परफॉर्मन्स देने की प्रतिष्ठा के साथ, त्रिप्ती की भूमिका कहानी में महत्वपूर्ण होने की उम्मीद है। प्रसिद्ध अर्जुन रेड्डी निर्देशक, संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित, एनिमल में रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना, अनिल कपूर, बॉबी देओल और त्रिप्ती डिमरी जैसे कलाकार शामिल हैं। 1 दिसंबर को रिलीज होने वाली यह फिल्म साज़िश, बदले और त्रिप्ती के मनमोहक परफॉर्मन्स से भरी एक मनोरंजक कहानी होने का वादा करती है। त्रिप्ती फिलहाल भोपाल में अपने अगले बड़े प्रोजेक्ट की शूटिंग कर रही हैं।

# मंडलायुक्त ने 17 मतदाता बूथों का किया निरीक्षण



**नोएडा (चेतना मंच)।** शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न करने के उद्देश्य से आज मंडल आयुक्त मेरठ मण्डल/रोल प्रेक्षक सेल्वा कुमारी जे0 ने शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज सूरजपुर में पहुंचकर 15 बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने बीएलओ रजिस्ट्रर, मतदाता सूची एवं सभी प्रकार के आवेदन पत्रों का अवलोकन करते हुये संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि 18-19 आयु वर्ग के युवाओं एवं महिलाओं को अधिक से अधिक पंजीकरण कराने पर विशेष बल दिया जाए एवं ईपिक एवं जेंडर रेशियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।

उन्होंने कहा कि सम्बन्धित बीएलओ के द्वारा डोर टू डोर सर्वे कर मतदाता सूची को भी अपडेट कर लिया जाए। इसके उपरान्त मंडल आयुक्त मेरठ मण्डल/रोल प्रेक्षक द्वारा सुपरटेक इको विलेज सोसाइटी ग्रेटर नोएडा में पहुंचकर 2 बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान को पूर्ण रूप से सफल बनाने के लिये वृहद स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जाये।

इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार द्वारा ईपिक व जेंडर रेशियों तथा अन्य जानकारियों से मंडल आयुक्त मेरठ मण्डल/रोल प्रेक्षक को अवगत कराया गया। निरीक्षण के दौरान उप जिला अधिकारी सदर/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अंकित कुमार, अन्य अधिकारीगण एवं संबंधित बीएलओ उपस्थित रहे।

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट मेट्रो को लेकर नेफोमा ने खोला मोर्चा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** सालों से मेट्रो की राह देख रहे ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लोगों को उस समय तगड़ा झटका लगा जब केंद्र सरकार की तरफ से मेट्रो के लिए नया DPR बनाने की बात कही गई। मतलब मेट्रो का काम जो इतने दिनों से लटका पड़ा था उसे शुरु होने में अभी और समय लगेगा। इसी को लेकर सामाजिक संगठन नेफोमा के बैनर तले निवासियों ने चारमूति पर हाथों में तिरंगा लेकर धरना प्रदर्शन किया।



नेफोमा अध्यक्ष अन्नू खान के मुताबिक सालों से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लोग खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं।

मेट्रो नहीं होने से लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डीपीआर कैंसिल होने की वजह से निवासियों को काफी निराशा हुई है। हमारी सरकार से मांग है की जल्द से जल्द नया प्लान बनाकर ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मेट्रो को लाया जाए।

धरना प्रदर्शन में उपाध्यक्ष अविनाश सिंह, हरदम सिंह, अनूप कुमार, अविनाश सिंह, नितिन राणा, सुजीत, रफी अहमद, देवेंद्र चौधरी, अनूप वर्मा, दीपक दुबे, साजिद खान, जय कुमार सिंह, हिमांशु, मुकुल मिश्रा, संतोष वर्मा आदि सदस्यों ने भाग लिया।

# जगह-जगह भाजपा नेताओं ने सुनी 'मोदी के मन' की बात



**नोएडा (चेतना मंच)।** विधान परिषद सदस्य एवं प्रदेश महामंत्री भाजपा सुभाष यदुवंश ने नोएडा महानगर के नोएडा विधानसभा के श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल के बूथ संख्या 538, सांसद डा महेश शर्मा ने ग्राम छिजारसी,जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने सेक्टर 52 बूथ नंबर 159, जिला महामंत्री उमेश त्यागी ने ग्राम रायपुर के बूथ नंबर 421 पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात को सुना।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 107वें एपीसोट को सुनने के लिए चोटपुर कॉलोनी में बूथ नंबर 601 के नंदा पब्लिक स्कूल के वरिष्ठ भाजपा नेता पं. रविकांत मिश्रा की अध्यक्षता में मन की बात सुनी। इस मौके पर मंडल मंत्री मनोज उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष पूर्वांचल मोर्चा रोहित ठाकुर, रंजन सिंह, एडवॉकेट राहुल ठाकुर, एसऐन झा, राजेश, मास्टर राजेश, संजय सिंह, कमेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।



उधर शक्ति केंद्र कनावनी के बूथ नंबर 137 में नितिन नागर के आवास पर हुआ। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रामनिवास यादव व शक्ति केंद्र संयोजक व मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा प्रदीप शर्मा व बूथ अध्यक्ष विपिन नागर, जेपी प्रजापति, त्रिलोकी नाथ, ऋषिपाल भगत, प्रेम सिंह नागर, जिले सिंह नागर सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गुरु नानक देव की जयंती पर नगर कीर्तन का आयोजन



**नोएडा (चेतना मंच)।** गुरुद्वारा सोलिटेरियन टावर सेक्टर 136 में एक शहाना नगर कीर्तन का आयोजन किया गया ,जो सुबह 10 बजे गुरुद्वारे से शुरू हुआ और लगभग 7 किमी का विभिन्न समाजों का चक्कर लगाने के बाद दोपहर 3 बजे एडेको क्रॉसिंग सेक्टर 93 नोएडा पर पहुंचा जहां एक विशाल पंडाल नोएडा पंजाबी समाज द्वारा उनके स्वागत के लिए लगाया गया था। इस मौके पर मनोज गुप्ता अध्यक्ष भाजपा महानगर, महा सचिव उमेश त्यागी, गणेश जाटव, राजीव त्यागी, संजय बाली मौजूद रहे।



फेलिक्स अस्पताल के डॉ. गुप्ता ने मुफ्त चिकित्सा स्वास्थ्य जांच शिविर के लिए अपने डॉक्टरों की टीम भेजी थी। बड़ी संख्या में निवासी आए जिनमे एनपीएस सदस्य हरजीत सिंह, जेपी उप्पल, वी के सेठ, संदीप महदीरत्ता,राकेश कोहली, टी एस अरोड़ा, राहुल नय्यर, एम पी सिंह, संदीप मल्होत्रा, गुंजन भाटिया, संदीप वीरमानी, राजन खुराना, अजय सरीन, रजिंदर सिंह और निवासियों ने भाग लिया और गुरु जी का आशीर्वाद लिया।

# अरावली अपार्टमेंट में धूमधाम से मनाई गई देव दीपावली



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर 34 स्थित बी-3 अरावली अपार्टमेंट में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर देव दीपावली बहुत ही धूमधाम से मनाई गयी।

आरडब्ल्यूए अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि सोसाइटी के सेंट्रल पार्क में स्थित कुंड में गंगाजल मिश्रित जल की व्यवस्था की गई जिससे श्रद्धालु हिंदुओं के प्रमुख त्योहार देव दीपावली को मना सके इस कार्य में जगन्नाथ सेवा संघ सेक्टर 34 का भी पूर्ण सहयोग रहा इस उपलक्ष्य में श्रद्धालुओं द्वारा आरती एवं पूजा अर्चना करते हुए कुंड में दीपदान किया गया शंख ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

कार्यक्रम के दौरान आरडब्ल्यूए अध्यक्ष धर्मेन्द्र शर्मा, भीम सिंह राऊत, संजय आचार्य, राज पाड़ी, शिवाशंकर , सुरेंद्र यादव, अजय रस्तोगी, शैलेंद्र कुमार, सुमित गौतम, देवब्रत ज्योत्सना आचार्य, शशि श्रीवास्तव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

